दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 240 | जयपुर | शुक्रवार ,04 जुलाई, 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष नवमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


# राजस्थान के नए डीजीपी राजीव शर्मा ने संभाला पदभार

## 2 साल का होगा कार्यकाल; बोले- राज्य को पुलिसिंग में पूरे देश में मॉडल बनाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** राजस्थान पुलिस को आखिरकार नया मुखिया मिल गया है। 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव शर्मा को राज्य का अगला पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया। इसके बाद राजीव शर्मा ने पुलिस मुख्यालय में पदभार संभाल लिया। चार्ज लेने के बाद डीजीपी राजीव शर्मा ने कहा- जनता की सेवा के अवसर को पूरी निष्ठा और समर्पण से निभाऊंगा। मुख्यमंत्री और राज्य सरकार ने जो विश्वास जताया है उसके लिए आभार। पुलिसिंग के हिसाब से राजस्थान को पूरे देश में मॉडल राज्य बनाएंगे ।उन्होंने कहा- प्रत्येक थाना आम व्यक्ति के अनुकूल हो और पुलिसकर्मियों का अच्छा व्यवहार हो, इसका प्रयास रहेगा। इसके साथ ही अपराधों पर नियंत्रण पर फोकस रहेगा। टीम के साथ मिलकर काम करेंगे और सुरक्षित राजस्थान बनाएंगे। बढ़ते साइबर क्राइम को कंट्रोल करने का भी प्रयास रहेगा।

### राजीव शर्मा ने संभाला डीजीपी का चार्ज

आईपीएस राजीव शर्मा को बुधवार को केंद्र से रिलीव कर दिया गया था। राज्य सरकार ने सोमवार को उन्हें रिलीव करने के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा था। आईपीएस राजीव शर्मा गुरुवार शाम को पुलिस मुख्यालय पहुंचे। यहां स्वागत कार्यक्रम के बाद उन्होंने कार्यवाहक डीजीपी संजय अग्रवाल से चार्ज लिया ।राजीव शर्मा का डीजीपी के पद पर कार्यकाल 2 साल का होगा।



शर्मा को पुलिस सेवा का 30 साल से ज्यादा का अनुभव है। वे फिलहाल नई दिल्ली में ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट के डायरेक्टर जनरल थे ।वे राजस्थान में एंटी करप्शन ब्यूरो, स्टेट डिजास्टर रिलीफ फोर्स के डीजी और राजस्थान पुलिस एकेडमी के डायरेक्टर रह चुके हैं।

वहीं, जोधपुर, झालावाड़, दौसा, राजसमंद, भरतपुर, जयपुर नॉर्थ के एसपी रह चुके हैं। इसके साथ ही जयपुर ट्रैफिक, सीबीआई जयपुर, सीबीआई दिल्ली में भी एसपी रहे हैं।

### 7 IPS अफसरों में से तय हुआ नाम

DGP बनाने के लिए डीजी रैंक के IPS अधिकारियों की लिस्ट भेजी जाती है। इस बार भी वरिष्ठता क्रम के तौर पर संघ लोक सेवा आयोग को 7 नामों का पैनल भेजा गया था। इनमें राजीव कुमार शर्मा, संजय अग्रवाल, अनिल पालीवाल, राजेश आर्य, राजेश निर्वाण, गोविंद गुप्ता और आनंद श्रीवास्तव शामिल थे ।ये सभी आईपीएस डीजी रैंक के हैं। PSC ने वरिष्ठता के हिसाब से तीन IPS अधिकारियों के नाम की राजस्थान सरकार को पुलिस महानिदेशक बनाने के लिए सिफारिश की। इसके बाद राजीव कुमार शर्मा के नाम पर मुहर लगी।

### पहली पोस्टिंग जोधपुर में हुई थी

राजीव शर्मा मथुरा (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले हैं। उन्होंने एमए-एमफिल किया है। राजीव शर्मा की पहली पोस्टिंग साल 1992 में डीएसपी के तौर पर जोधपुर सिटी में हुई थी ।साल 2006 में एसपी से डीआईजी बने, जिसके बाद पुलिस मुख्यालय में क्राइम ब्रांच में सेवाएं दीं। राजीव शर्मा 2014 में राष्ट्रपति पुलिस पदक और 2006 में पुलिस पदक से सम्मानित हो चुके हैं।

## खुशखबरी! जब्त नहीं होगी आपकी पुरानी गाड़ी, पुराने वाहनों पर बैन को लेकर दिल्ली सरकार का यू-टर्न



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बढ़ती जन चिंता के बीच, दिल्ली सरकार ने एंड ऑफ लाइफ व्हीकल (ईओएल) जब्त करने की नीति को लागू होने के दो दिन बाद ही स्थगित कर दिया है। यह कदम राष्ट्रीय राजधानी में %एंड ऑफ लाइफ व्हीकल (ईओएल) के लिए ईंधन प्रतिबंध पर निवासियों की व्यापक प्रतिक्रिया और विपक्षी नेताओं की आलोचना के बाद उठाया गया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को पत्र लिखकर शहर में ईओएल वाहनों को ईंधन न देने के निर्देश को स्थगित करने को कहा है।

सिरसा ने लोगों में असंतोष को स्वीकार किया और कहा कि सरकार उनके साथ खड़ी है। इसके बाद उन्होंने घोषणा की कि राष्ट्रीय राजधानी में पुराने वाहनों को जब्त नहीं किया जाएगा। सिरसा ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने निवासियों को आश्वासन दिया है कि पुराने वाहनों को मनमाने ढंग से ज़ब्त नहीं किया जाएगा। हम पुराने वाहनों को ज़ब्त नहीं होने देंगे। साथ ही, हम दिल्ली में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के निवासी पहले से ही एंड-ऑफ़-लाइफ़ वाहनों से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। सरकार ने ष्टक्तरू (वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग) के अध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा है कि नीति को लागू करने के लिए उसके पास आवश्यक बुनियादी ढाँचे का अभाव है।

## मराठी तो बोलनी पड़ेगी, अगर आप नहीं जानते तो..., यह क्या बोल गए महाराष्ट्र के मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** मंत्री ने कहा कि अगर महाराष्ट्र में कोई मराठी का अपमान करता है, तो हम अपने कानून लागू करेंगे। कदम ने हालांकि घटना के तरीके की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने दुकानदार की पिटाई की, उन्हें कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए था। उन्हें शिकायत दर्ज करानी चाहिए थी ।महाराष्ट्र के मंत्री योगेश कदम ने बुधवार को कहा कि राज्य में मराठी बोलना अनिवार्य है और चेतावनी दी कि भाषा के प्रति किसी भी तरह का अनादर कानूनी परिणामों को आमंत्रित करेगा। योगेश कदम का यह बयान उस वायरल वीडियो के बाद आया है जिसमें ठाणे में एक फूड स्टॉल मालिक को मराठी में बात करने से मना करने पर पीटा जा रहा है। योगेश कदम ने संवाददाताओं से कहा कि महाराष्ट्र में आपको मराठी बोलनी ही होगी। अगर आपको मराठी नहीं आती तो आपका रवैया यह नहीं होना चाहिए कि आप मराठी नहीं बोलेंगे।

## घाना की संसद में बोले मोदी, लोकतंत्र हमारे लिए सिस्टम नहीं, संस्कार है

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कल शाम का अनुभव बहुत ही मार्मिक था, मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति जॉन महामा से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करना सम्मान की बात है...भारत के 1.4 अरब लोगों की ओर से मैं इस सम्मान के लिए घाना के लोगों को धन्यवाद देता हूं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को घाना गणराज्य की संसद को संबोधित किया। घाना गणराज्य की संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। घाना में होना सौभाग्य की बात है, यह एक ऐसी भूमि है जो लोकतंत्र की भावना को प्रसारित करती है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रतिनिधि के रूप में, मैं अपने साथ 1.4 बिलियन भारतीयों की सद्भावना और शुभकामनाएं लेकर आया हूँ। घाना को सोने की भूमि के रूप में जाना जाता है, न केवल आपकी मिट्टी के नीचे जो कुछ है, बल्कि आपके दिल में जो गर्मजोशी और ताकत है, उसके लिए भी।



नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कल शाम का अनुभव बहुत ही मार्मिक था, मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति जॉन महामा से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करना सम्मान की बात है...भारत के 1.4 अरब लोगों की ओर से मैं इस सम्मान के लिए घाना के लोगों को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि आज सुबह मुझे हमारे दूरदर्शी और राजनेता तथा घाना के प्रिय पुत्र डॉ. क्वामे नक्रूमा को श्रद्धांजलि अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने एक बार कहा था कि हमें एकजुट करने वाली ताकतें उन अतिरंजित प्रभावों से कहीं अधिक बड़ी हैं जो हमें अलग रखती हैं। उनके शब्द हमारी साझा यात्रा का मार्गदर्शन करते रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा किस भारत लोकतंत्र की जननी है। हमारे लिए लोकतंत्र महज एक व्यवस्था नहीं है; यह हमारे मौलिक मूल्यों का हिस्सा है। लोकतंत्र हमारे लिए सिस्टम नहीं, संस्कार है।

## 5 सीएमएचओ को कारण बताओ नोटिस-नेशनल हेल्थ कार्यक्रम में नहीं जुड़ने पर एक्शन, ट्रेनिंग में नहीं पहुंचने पर कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** हेल्थ डिपार्टमेंट ने 5 जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। हालांकि ये नोटिस एक माह की देरी से जारी किया गया। करीब एक माह पहले आयोजित एक राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के कारण ये नोटिस जारी किए गए है। हेल्थ डिपार्टमेंट के निदेशक डॉ. रवि प्रकाश शर्मा की ओर से कोटा, अजमेर, बाड़मेर, बीकानेर और प्रतापगढ़ जिलों के सीएमएचओ को ये कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दरअसल सरकार ने 2 से 4 जून तक राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित करवाया था। इस एक दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम में सभी जिलों के सीएमएचओ को शामिल होना था। इसके लिए हेल्थ डिपार्टमेंट से 28 मई को ऑर्डर भी जारी किए थे। इस आदेश के बावजूद कोटा, अजमेर, बाड़मेर, बीकानेर और प्रतापगढ़ जिलों के सीएमएचओ इस ट्रेनिंग में शामिल नहीं हुए। इसे विभाग ने राष्ट्रीय कार्यक्रम के प्रति उदासीनता और घोर लापरवाही माना ।विभाग के निदेशक ने इन सभी ष्टरू॥ह्र को नोटिस जारी कर इस ट्रेनिंग कैंप में शामिल नहीं होने का कारण पूछा है। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर विभागीय कार्यवाही करने की चेतावनी दी है ।राज्य सरकार ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जो आदेश जारी किए थे उसमें जिले के सीएमएचओ को इसका नोडल अधिकारी बनाया था। नोडल अधिकारी होने के बावजूद भी ट्रेनिंग कार्यक्रम में शामिल नहीं होने पर निदेशक ने नाराजगी जताई।

## गिल का विदेशी धरती पर सबसे बड़ा स्कोर

बढ़ता राजस्थान

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारतीय टीम एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट की पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 587 रन पर ऑलआउट हो गई है। गुरुवार को टीम इंडिया ने 310/5 के स्कोर से खेलना शुरू किया था। गुरुवार को मैच का दूसरा दिन है और आखिरी सेशन का खेल जारी है। इंग्लैंड ने पहली पारी में बगैर नुकसान के 12 रन बना लिए हैं। जैक क्रॉली और बेन डकेट क्रीज पर हैं ।कप्तान शुभमन गिल 269 रन बनाकर आउट हुए। वे टेस्ट में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय कप्तान बने। गिल के अलावा, ओपनर यशस्वी जायसवाल 87 और रवींद्र जडेजा 89 रन बनाकर आउट हुए। वॉशिंगटन सुंदर ने 42 रनों का योगदान दिया ।इंग्लैंड की ओर से शोएब बशीर ने 3 विकेट चटकाए। क्रिस वोक्स और जोश टंग को 2-2 विकेट मिले। ब्रायडन कार्स, जो रूट और कप्तान बेन स्टोक्स को एक-एक विकेट मिले।




गिल की पारी से बने 2 रिकॉर्ड...

'गिल सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय कप्तान बने हैं। गिल ने विराट कोहली के 254 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। कोहली ने 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पुणे में नाबाद 254 रन की पारी खेली थी ।गिल इंग्लैंड में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय बने हैं। उन्होंने सुनील गावस्कर के 221 रन का रिकॉर्ड तोड़ा है। जो गावस्कर ने 1979 में इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल में बनाया था।

### नीतीश को लेकर प्रशांत किशोर ने कर दी बड़ी भविष्यवाणी

## अगर जेडीयू की 25 सीट आई तो छोड़ दूंगा राजनीति

बढ़ता राजस्थान

**पटना (एजेंसी)।** किशोर ने राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रचार अभियान के असर को भी खारिज किया और भाजपा को चुनौती दी कि अगर उसे अपनी ताकत पर भरोसा है तो वह सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़े ।जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने एक बड़ी भविष्यवाणी करते हुए आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए की वापसी की संभावना को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि नवंबर के बाद नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं होंगे और अगर जेडी(यू) 25 से ज़्यादा सीटें जीतती है तो वह राजनीति छोड़ देंगे। 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और जनता दल (यूनाइटेड) के नेतृत्व वाले एनडीए ने 243 में से 125 सीटें जीतकर मामूली बहुमत हासिल किया। एनडीए के भीतर, बीजेपी अपने सहयोगी से ज़्यादा मज़बूत होकर उभरी और 74 सीटें जीतीं, जबकि जेडी(यू) ने काफ़ी गिरावट देखी और सिर्फ़ 43 सीटें हासिल कीं। किशोर ने राज्य में



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रचार अभियान के असर को भी खारिज किया और भाजपा को चुनौती दी कि अगर उसे अपनी ताकत पर भरोसा है तो वह सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़े। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के सबसे बड़े नेता हैं और एनडीए के लिए सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे हैं, लेकिन बिहार में उनका प्रभाव सीमित है।

किशोर ने न्यूज24 को दिए इंटरव्यू में कहा, देखिए, मोदी जी देश के प्रधानमंत्री हैं और बड़े नेता हैं। वह भाजपा के सबसे बड़े नेता हैं। शायद देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। इसलिए यह संभव नहीं है कि मोदी कोई फैक्टर न हों। और वह एनडीए की ओर से सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे हैं, इसलिए निश्चित रूप से वह एक फैक्टर होंगे। महाराष्ट्र, दिल्ली और हरियाणा में भाजपा की हालिया जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए किशोर ने कहा, महाराष्ट्र महाराष्ट्र है। बिहार बिहार है। महाराष्ट्र में भाजपा जीतती रही है। बिहार में वे कभी अपने दम पर जीतने में कामयाब नहीं हुए। हरियाणा में भी यही हुआ। दिल्ली में केजरीवाल को हराना - ठीक है, मैं सहमत हूं। लेकिन ऐसा कोई राज्य नहीं है जहां भाजपा पहले न जीती हो।







सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि[illegible]बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# बजरी माफिया ने ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की हत्या : घटना से नाराज ग्रामीणों में फैला आक्रोश दौड़ा कर पीटा पुलिस कर्मियों को

### ग्रामीणों के आक्रोश के आगे पुलिसकर्मियों ने भाग कर बचाई जान

### युवक की हत्या से नाराज ग्रामीणों पुलिस प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप, बजरी माफिया और पुलिस साथ में मिलकर कर रहे हैं काम

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** देवली उपखंड क्षेत्र के राजमहल गांव में बुधवार रात कथित तौर पर एक ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर की गई हत्या के मामले में गुरुवार को धरने पर बैठे ग्रामीण और परिजन आक्रोशित हो उठे। हत्या की घटना से नाराज ग्रामीणों में शामिल पुरुष और महिला और युवकों ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों के हाथापाई करते हुए मारपीट शुरू कर दी और पुलिस कर्मियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटना शुरू कर दिया। तो वहीं घटना धरना स्थल पर मौजूद पुलिसकर्मियों पर पथराव भी किया। ऐसे मे ग्रामीणो के आक्रोश के आगे पुलिस और प्रशासन अधिकारियों को वापस लौटना पड़ा। उक्त दौरान कई पुलिसकर्मियों ने भाग कर अपनी जान बचाई। इससे पहले स्थानीय विधायक राजेंद्र गुर्जर,उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मीणा, पुलिस उपाधीक्षक रामसिंह, थाना प्रभारी दौलतराम गुर्जर ने इस मामले में ग्रामीणों से खूब समझाईश की। लेकिन युवक की हत्या से नाराज ग्रामीण मृतक के परिजन को बड़ी आर्थिक सहायता दिलाने, सरकारी नौकरी देने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे हैं। हालांकि, इस दौरान पुलिस के अधिकारियों ने मृतक युवक के परिजनों की ओर से दी जाने वाली हर रिपोर्ट पर सख्त कार्रवाई करने के लिए कार्रवाई करने के लिए तैयार थे बावजूद इसके ग्रामीण और पुलिस अधिकारियों के बीच समझौता समझौता नहीं हुआ और वार्ता असफल रही। हत्या की इस घटना से आक्रोशित महिलाओं ने गुरुवार को,सुबह 10 बजे बाद देवली बीसलपुर राजमहल मार्ग को पूरी तरह बंद कर दिया। इस दौरान उपखंड क्षेत्र के दूनी थाने के हेडकांस्टेबल समेत पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई शुरू कर दी। और पुलिसकर्मियों को पीटने लगे। इसी तरह दूसरी तरफ एक सहायक उप निरीक्षक को भी ग्रामीणों ने बंदी बनाने की कोशिश की। लेकिन देवली प्रधान बनवारी लाल जाट ने मुखरता के साथ इसका विरोध किया और सहायक उप निरीक्षक को सुरक्षित निकाला। ग्रामीणों के गुस्से और आक्रोश को देखते हुए उपखंड अधिकारी पुलिस उपाधीक्षक समेत अधिकारी वापस लौट गए। उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मीणा का कहना है कि युवक की मौत के बाद ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की जा रही है। परिजन अपनी मांग पर अड़े हैं। फिलहाल ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा मोटाराम बेनीवाल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत करने की कोशिश करते रहे। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम बेनीवाल ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने देवली वृत्त अधिकारी कार्यालय में भी अधीनस्थ अधिकारियों से मामले की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि बुधवार रात राजमहल निवासी पप्पू गुर्जर की बजरी की ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलने के बाद मौत हो गई थी। पप्पू गुर्जर के परिजनों का आरोप है कि बजरी माफिया की ट्रैक्टर ट्रॉली चालक ने पप्पू गुर्जर की ट्रैक्टर से कुचल कर हत्या की है।

### इनका कहना

**बजरी माफिया के साथ मिली भगत का आरोप झूठा और निराधार है 2023 से 2025 तक पुलिस बजरी माफियाओं और अवैध खनन के विरुद्ध सख्त रवैया अपनाए हुए कठोर कार्रवाई कर रही है । पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली ट्रैक्टर चालक और ट्रैक्टर के मालिक को पुलिस कस्टडी में ले लिया है और आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन मृतक के परिजनों को और ग्रामीणों को दिया गया है। फिलहाल मृतक के परिजनों और ग्रामीणों से धरना प्रदर्शन समाप्त करने एवं मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा कर अंतिम संस्कार करने की समझाइश पुलिस द्वारा की जा रही है।**

*राम सिंह जाट, पुलिस उपाधीक्षक, देवली सर्कल*





## गौवंश हत्या के विरोध में गौ सेवकों का फूटा गुस्सा, आन्दोलन करने की दी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** उपखंड क्षेत्र पावटा में मंगलवार रात्रि गोवंश की हुई निर्मम हत्या के मामले में दो दिन बीत जाने के बाद भी गौ सेवकों में भारी विरोध देखा गया।गौ सेवकों ने गौवंश के हत्यारों की पहचान कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग करते हुए, प्रशासन को आन्दोलन करने की चेतावनी दी। गौ सेवक सुशील योगी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार रात्रि पावटा कस्बा स्थित भूरामल गोयल स्कूल के पीछे की ओर एक गौवंश का सिर एवं क्षत विक्षित स्थित में पडे शरीर के टुकड़े मिले। जिसके बाद संकल्प हरियाली समिति संयोजक एवं गौ सेवक नीरज सैन के सानिध्य में क्षेत्र के सभी गौ भक्तों ने घटना स्थल पहुँच कर स्थित का जायजा लेते हुए प्रशासन को सूचना दी। और गौ माता के हत्यारों की पहचान कर उन्हें कडी से कड़ी सजा देने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। जिसके बाद प्रशासन ने गौवंश का पोस्टमार्टम करवाकर पूर्ण विधि विधान से गौ वंश का अन्तिम संस्कार करवाया। लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन गौवंश के हत्यारों का पता नहीं लगा पाया। ना ही डॉक्टर्स की टीम पोस्मार्टम के जरिये कोई सुराग ले पायी। गौ सेवक एवं संकल्प हरियाली संयोजक नीरज सैन ने उक्त प्रकरण में भारी विरोध प्रकट करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में गौ माता को मॉ का दर्जा दिया गया है। उस सनातन संस्कृति को मानने वाले देश में कब तक इस प्रकार गौमाताओं की निर्मम हत्या होती रहेगी। कब तक गौ हत्यारे इस प्रकार खुले आम घूमते रहेगें।सैन ने कहा कि मै इस प्रकार की घटना की कडे शब्दों मे निन्दा करता हूँ और यदि गौवंश के हत्यारे नहीं पकड़े जाते हैं या इन पर प्रतिबंध नहीं लगता है तो क्षेत्र के सभी गौ भक्तों के साथ मिलकर गौ माता की रक्षा में विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

## रोटरी क्लब मेवाड़ द्वारा सम्मान समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब मेवाड़, उदयपुर ने रोटरी नव वर्ष की शुरूआत विराज होटल एंड बैंक्वेट हॉल में आयोजित सम्मान समारोह से की। जिसमें शहर के जानें मानें चिकित्सक एवं चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट शामिल थे। क्लब अध्यक्ष मनीष गन्ना ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि गीतांजलि यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर, प्रोफेसर एमेरिटस डॉ. एस. के. लोहाडिया, विशिष्ट अतिथि डॉ. के. सी. व्यास, क्लब संरक्षक रोटेरियन हंसराज चौधरीएवं सहायक प्रांतपाल रोटेरियन राजेश चुघ मौजूद थे। इस अवसर पर मनीष गन्ना ने अतिथियों, डॉक्टरों व चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का स्वागत किया। उन्होंने आगामी सेवा कार्यों की योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की जिनमें वृक्षारोपण अभियान, स्कूल गोद लेकर फर्नीचर व अन्य विकास कार्य, ब्लड डोनेशन कैम्प, स्वास्थ्य, नेत्र व उपयोगी, जन-कल्याण शिविरों का आयोजन शामिल हैं। समारोह में डॉ. के. सी. व्यास, डॉ. सुमित वर्षणेय, डॉ. मुकेश देवपुरा, डॉ. कल्पना देवपुरा, डॉ. नरेंद्र राठौड़, डॉ. अतुलाब वाजपेई, डॉ. आर एल सुमन, डॉ. पुनीत जैन, डॉ. हिमांशु गुप्ता, डॉ. अरुण बाफना, डॉ. अवधेश शर्मा, डॉ. प्रवीण झंवर एवं डॉ. प्रवीण गांध तथा सीए सुरेश कुमार जैन और कमलेश बोलिया को उनके योगदान के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन योगेश पगारिया एवं राजीव जैन ने किया। अंत में क्लब सचिव रोटेरियन मुकेश शर्मा ने आभार ज्ञापित किया।

## महिला की हत्या के मामले में फरार चल रहे 2000 के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार, दूसरे आरोपी की तलाश जारी

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** कोतवाली पुलिस ने एक महिला हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सवाई माधोपुर जिले के भालपुर निवासी आरोपी कुमर सिंह को पुलिस ने पकड़ा है।मामला 7 अप्रैल को दर्ज किया गया था। मृतका के पिता ने कुमर उर्फ कमर सिंह और राज नगर निवासी अमर सिंह के खिलाफ मारपीट और हत्या का मामला दर्ज कराया था। अमर सिंह पर दुष्कर्म का भी आरोप है।थाना प्रभारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में रवि कुमार, दीपक और अनिल कुमार शामिल थे। कॉन्स्टेबल अनिल कुमार की सूचना पर आरोपी कुमर सिंह को पकड़ा गया। दूसरा आरोपी अमर सिंह अभी भी फरार है।

## पावटा-प्रागपुरा में गंदगी का कहर : नगरपालिका की लापरवाही से जनता परेशान



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** नगरपालिका की बेरुखी और नाकारापन का परिणाम इन दिनों शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। शहर में जगह-जगह गंदगी और कूड़ा-कर्कट के बड़े ढेर लगे हुए हैं, जिससे आमजन का शहर में आवागमन मुश्किल हो गया है। शहर की सीवरेज व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई है, जिससे गंदे पानी की निकासी बंद पड़ी है। थोड़ी सी बारिश में शहर जलमग्न हो जाता है और अधिकतर आवासीय इलाकों और दुकानों में पानी भर जाता है। पूर्व वार्ड पंच राजेंद्र स्वामी ने कहा कि सफाई व्यवस्था की बदहाली का मुख्य कारण नगरपालिका प्रशासन की लापरवाही है। उन्होंने कहा कि पालिका प्रशासन द्वारा सफाई व्यवस्था का ठेका हरियाणा की पार्टी को दे रखा है और उन्होंने दो माह से सफाईकर्मियों का भुगतान रोक रखा है। सफाईकर्मी नवरंग लाल वाल्मिकी ने कहा कि वे अपनी पगार नहीं मिलने के कारण हड़ताल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है, बल्कि उन्हें अपने मजदूरी के पैसे लेने के लिए हर बार हड़ताल करनी पड़ती है। प्रागपुरा वक्फ बोर्ड कमेटी सदर आमीन मंसूरी ने कहा कि 06 जुलाई को मुहर्रम पर्व है और सफाई व्यवस्था ठप्प होने से शहर के आम रास्ते गंदगी से बदहाल हैं। उन्होंने सफाईकर्मियों को शीघ्र भुगतान कर शहर की सफाई व्यवस्था को सुचारू करवाने की मांग की।

## गांव-गांव तक पहुंचेंगी बीमा और पेंशन योजनाएं : सेचुरेशन अभियान की तैयारियां पूर्ण

### सेचुरेशन अभियान से बढ़ेगा वित्तीय समावेशन, तीन माह चलेगा विशेष अभियान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** मुख्य सचिव महोदय के निर्देशानुसार 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक चलने वाले सेचुरेशन अभियान की तैयारियों को लेकर आज जिला कलेक्टर कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने की। उन्होंने बताया कि यह अभियान वित्तीय समावेशन की प्रमुख योजनाओं की पहुंच को गांव-गांव तक पहुंचाने की दिशा में एक निर्णायक प्रयास है। अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं में पात्र लाभार्थियों का नामांकन, मौजूदा खातों का केवाईसी तथा निष्क्रिय खातों को पुनः सक्रिय किया जाएगा। जिला कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं से जोड़ा जाएगा ताकि उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से अभियान की पूर्व तैयारियों, क्रियान्वयन और प्रगति की निरंतर समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी तय किया गया कि जिन लाभार्थियों के नामांकन या जानकारी लंबित है, उनका शीघ्र निस्तारण कर पूर्णता सुनिश्चित की जाए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपाल लाल, लीड बैंक अधिकारी राजेश कुमार परमार, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक), उप निदेशक सहकारी समितियां, उप निदेशक कृषि विस्तार विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता अधिकारी, राजीविका जिला परियोजना प्रबंधक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, एआईसी के जिला समन्वयक एवं जिला श्रम कल्याण अधिकारी शामिल थे।

## बीसलपुर बांध के ऊपरी माल और केचमेंट एरिया में लगातार बारिश से बांध में पानी की आवक बड़ी

### बीसलपुर बांध में लगातार पानी की आवक से नेगडिया के पुराना ब्रिज ने ली जलसमाधि

### देवली उपखंड के पनवाड़ सागर मे आया 8 फ़ीट के करीब पानी

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** देवली उपखंड क्षेत्र के बीसलपुर बांध में लगातार पानी की आवक होने से बीसलपुर बांध का 313.40 सेंटीमीटर को छू गया है। ऐसे में बांध की कुल भराव क्षमता 315.50 सेंटीमीटर निर्धारित की हुई है। गुरुवार को बीसलपुर बांध के ऊपरी माल में लगातार बारिश का दौरा जारी रहने से बीसलपुर बांध की सहायक नदी त्रिवेणी का गेज समाचार लिखे जाने तक 4 मीटर पर बना हुआ था। बीसलपुर बांध के ऊपरी माल की त्रिवेणी नदी से लगातार बांध में पानी की आवक होने से इस बार बीसलपुर बांध का जलाशय भंडारण अपनी क्षमता को जल्द ही पूरी कर लेगा। उल्लेखनीय की पिछले एक सप्ताह से बीसलपुर बांध के केसमेंट एरिया और ऊपरी माल मैं लगातार हो रही भारी बारिश के चलते देवली-केकड़ी के पुराने मार्ग पर नेगडिया स्थित ओगेलीव ब्रिज गुरुवार सुबह जलमग्न हो गया। और ब्रिज की सतह से ऊपर पानी बह बहाना शुरू हो गया है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को बीसलपुर बांध में आरएल 313.40 सेंटीमीटर के बिंदु तक जलभराव तक पहुंच चुका। जबकि गुरुवार की सुबह को डेम का जल स्तर आरएल 313.26 सेंटीमीटर पर दर्ज किया गया था। इसी प्रकार ग्राम ग्राम पनवाड़ सागर में 8 फीट पानी आवक हो चुकी है पिछले चार दिनों से लगातार हो रही बारिश ने ग्रामीणों में सागर बांध के जल्द भरने की उम्मीद जाग उठी है। बांध की कुल भराव क्षमता 14 फीट है। फिलहाल यहां हो रही लगातार बारिश के कारण पनवाड़ सागर में 8 फिट पानी भर चुका है।

## शांति समिति व सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित

### मुहर्रम पर्व पर शांति और सौहार्द की अपील

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** पुलिस थाना इलाके में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुरुवार को शांति समिति व सीएलजी सदस्यों की बैठक कस्बा स्थित प्रागपुरा पुलिस थाने में पावटा उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने हिंदू-मुस्लिम समुदाय के मौजिज लोगों व शांति समिति व सीएलजी सदस्यों से मुस्लिम समाज के मुहर्रम (ताजिया) पर्व को लेकर सभी समुदायों के लोगों द्वारा भाईचारे व सौहार्द पूर्ण वातावरण में मोहर्रम पर्व मनाये जाने की अपील की। उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने विद्युत निगम कर्मियों को मुहर्रम निकाले जाने वाले रास्ते पर सभी विद्युत पोल लाईट ठीक करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा प्रशासनिक अधिकारियों से सम्पूर्ण रास्ते की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने की बात कही। डीएसपी शिप्रा राजावत ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। प्रागपुरा वक्फ बोर्ड कमेटी सदर आमीन मंसुरी ने बताया कि यहां निकलने वाले ताजिये की उंचाई करीब 21 फीट होगी। उन्होंने कहा कि आज अलम सद्दा व शुक्रवार को मेहंदी रस्म व शनिवार को कत्ल की रात एवं 06 जुलाई की सुबह करीब 10 बजे ताजिये निकाले जायेंगे। जिन्हें शाम करीब 07 बजे कर्बला में सुपुर्द खाक किया जायेगा। एचएम विनोद कुमार यादव ने कहा कि ताजियों के दौरान किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्वों द्वारा कोई अफवाह फैलाई जाती है या फिर गैर कानूनी गतिविधि अमल में लाई जाती है तो इसकी सूचना तुरन्त पुलिस थाने पर देवें। इस दौरान एईएन अनिल जोनवाल, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश हाडिया, वक्फ बोर्ड कमेटी सदर आमीन मंसुरी, ग्राम सेवा सहकारी समिति चेयरमैन उपेन्द्र सिंह शेखावत, शाही जामा मस्जिद इमाम मौलाना बरखाती, रमेश बंसल, बलवंत सिंह मीणा, मदन लाल सैनी, नायब सदर अयूब लुहार, भाजपा जिलाध्यक्ष अब्दुल सत्तार, इमरान लुहार, सचिव समीर मोहम्मद, वसिम खान, ताजियादार इकरामुद्दीन, इकबाल शाह, खैराती बिस्ती, पप्पू लुहार, मुकेश चन्द्रेश, दिपक शर्मा, राधेभाई ललाना, रमजान जिंदरान, मुजिफ लुहार समेत बड़ी संख्या में सीएलजी, पुलिस मित्र व शांति समिति सदस्य मौजूद रहे।

## लायन प्रमोद चौधरी को मिला लायन ऑफ द ईयर का अवार्ड




बढता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** लायंस क्लब लेकसिटी द्वारा आयोजित एक समारोह मे आज क्लब के पूर्वाध्यक्ष लायन प्रमोद चौधरी को लायन ऑफ द ईयर के सम्मान से सम्मानित किया गया। ग्रिटर्स कमेटी चेयरपर्सन लायन दीपक हिंगड़ ने बताया कि 35 वर्ष पूर्व 1990 के क्लब अध्यक्ष लायन प्रकाश नगावत के प्रयासों से पूर्व प्रांतपाल लायन रोशन एफ हिंगर ने ,दी लायन ऑफ द ईयर पुरस्कार प्रायोजित किया था और विगत 25 वर्षों से यह हर वर्ष क्लब के चयनित लायन सदस्य को निर्धारित मापदंडों के आधार पर आंकलन कर सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले क्लब सदस्य को प्रदान किया जाता है। वर्ष 2024-25 के लिये सर्वश्रेष्ठ लायन के रूप में लायन प्रमोद चौधरी को लायन ऑफ द ईयर पुरूस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर अनेक क्लब सदस्य मौजूद थे।

## कोटपूतली का हाल बेहाल : सिवरेज लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे में समाई पिकअप,बीच बाजार धंसी पानी सप्लाई की पिकअप

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** शहर के बीचोंबीच स्थित मुख्य बाजार क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब पानी सप्लाई की एक पिकअप गाड़ी अचानक सड़क पर बने गड्ढे में धंस गई। यह गड्ढा



नगर पालिका द्वारा सिवरेज लाइन डालने के लिए खोदा गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिवरेज लाइन का काम पिछले कई दिनों से चल रहा है, लेकिन गड्ढों को खुला छोड़ देने और उचित चेतावनी संकेतक नहीं लगाने के कारण यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पिकअप जैसे ही गड्ढे के पास पहुंची, सड़क धंस गई और वाहन आधा हिस्सा लेकर उसमें समा गया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन बाजार क्षेत्र में कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। स्थानीय व्यापारियों और आम जनता ने नगरपरिषद पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बिना सुरक्षा उपायों के इस तरह गड्ढे खोदना गंभीर दुर्घटनाओं को न्योता देना है। तों वहीं नगर परिषद के अधिकारियों का कहना है कि सिवरेज प्रोजेक्ट का काम तेजी से चल रहा है और जल्द ही सभी स्थानों को सुरक्षित ढंग से बंद किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि ऐसे निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन किया जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

## डायल 112/1090 वाहन चालकों का शहीद स्मारक पर धरना, सरकार से प्लेसमेंट से स्थायी नियुक्ति की मांग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** प्रदेश में संविदा कर्मचारियों के भविष्य को लेकर एक बार फिर विरोध की चिंगारी सड़कों पर दिखी। मंगलवार को राजधानी जयपुर स्थित शहीद स्मारक पर डायल 112 और 1090 सेवा में तैनात वाहन चालकों ने धरना प्रदर्शन किया। इन चालकों ने राज्य सरकार की बजट घोषणा 2025 के बिंदु संख्या 97(5) को लागू नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। धरना अखिल राजस्थान राज्य निविदा



कर्मचारी महासंघ के बैनर तले आयोजित हुआ, जिसमें प्रदेशभर से बड़ी संख्या में संविदा वाहन चालक जुटे।

हम भी संविदा कार्मिक हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं

महासंघ के कोर कमेटी सदस्य जहीर अहमद ने बताया कि बजट में स्पष्ट घोषणा की गई थी कि प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से संविदा कार्मिकों की भर्ती की परंपरा को खत्म कर कार्मिक विभाग के अधीन एक सरकारी संस्था का गठन किया जाएगा। लेकिन लंबे समय बाद भी इस दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि कार्मिक विभाग ने सभी विभागों को प्लेसमेंट एजेंसी से कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी भेजने के आदेश दिए थे। परंतु डायल 112/1090 चालकों की जानकारी विभागों द्वारा जानबूझकर नहीं भेजी जा रही।

**हम वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं, फिर क्यों भेदभाव?**

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष जय सिंह चौधरी ने कहा कि ये सभी चालक कई वर्षों से प्रदेश के अलग-अलग थानों में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन जब बात स्थायी नियुक्ति की आती है तो इन्हें प्लेसमेंट कार्मिक मानने से ही इंकार कर दिया जाता है।

# सर्वसाधारण के लिए राहत के केन्द्र बने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर

**जयपुर में 2 जुलाई तक 310 शिविरों में 24 लाख से ज्यादा कार्यों का हुआ संपादन, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं कर रहे शिविरों की मॉनिटरिंग, अधिकारियों को शिविर में अधिक से अधिक लोगों को लाभांवित करने के दिये निर्देश**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील पहल के तहत राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जयपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

जयपुर में शिविरों के सफल आयोजन के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को शिविरों के सफल संचालन एवं आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी है साथ ही, शिविरों के सफल संचालन करते हुए ज्यादा से ज्यादा आमजन को राहत पहुंचाने के लिए निर्देशित किया है।



पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत जयपुर जिले में 2 जुलाई 2025 तक आयोजित 310 शिविरों में कुल 24 लाख 54 हजार 446 तरह के कार्यों का सफलतापूर्वक संपादन किया गया। जिसके अंतर्गत राजस्व विभाग के 10 हजार 347, ग्रामीण विकास विभाग के 1 लाख 31 हजार 319, पंचायती राज विभाग के 2 लाख 2 हजार 588, विद्युत विभाग के 25 हजार 778, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के 8 हजार 437, जल संसाधन विभाग के 38 हजार 339 कार्यों का संपादन किया गया है।

वहीं, कृषि विभाग के 36 हजार 569, वन विभाग के 11 लाख 73 हजार 565, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के 59 हजार 883, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 3 लाख 49 हजार 278, पशुपालन विभाग के 2 लाख 27 हजार 782, जनजातीय विकास विभाग के 25, शिक्षा विभाग के 1 लाख 85 हजार 717, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के 4 हजार 819 एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के 5 हजार 420 कार्यों का सफलतापूर्वक संपादन कर लाखों आमजन को राहत पहुंचाई गई है।

जयपुर जिले के आमेर उपखंड में आयोजित 15 शिविरों में 3 लाख 13 हजार 819, बस्सी में आयोजित 34 शिविरों में 4 लाख 13 हजार 892, मौजमाबाद में आयोजित 14 शिविरों में 1 लाख 60 हजार 296, जयपुर प्रथम उपखंड में आयोजित 9 शिविरों में 9 लाख, 5 हजार 482, सांभर में आयोजित 14 शिविरों में 1 लाख 34 हजार 896, जोबनेर में आयोजित 14 शिविरों में 1 लाख 17 हजार 97, फागी में आयोजित 12 शिविरों में 92 हजार 215, शाहपुरा में आयोजित 22 शिविरों में 1 लाख 79 हजार 753 कार्यों का निस्तारण किया गया।

## प्रवक्ता रामकरण यादव होंगे डॉक्टरेट मानद उपाधि से विभूषित

**शिक्षा व विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में अहम भूमिका के लिये गांधी पीस फाउण्डेशन नेपाल द्वारा दी जायेगी उपाधि**

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** शिक्षा जगत के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य कर ख्याति अर्जित करने पर ग्राम पवाना अहीर निवासी प्रवक्ता रामकरण यादव को गांधी पीस फाउण्डेशन नेपाल के फाउंडर डॉ. लाल बहादुर राणा द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया जायेगा। आगामी 05 जुलाई शनिवार को निहालोट बुहाना में आयोजित राव श्योचंद राम मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रवक्ता यादव को यह उपाधि प्रदान की जायेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार



एवं डॉ. रामावतार मीणा जिला कलक्टर झुंझुनूं संयुक्त रूप से होंगे तथा अध्यक्षता आईएएस हरफूल सिंह यादव करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज कुमार गर्ग रिटायर्ड आईएएस अध्यक्ष सिंघानिया विष्वविद्यालय पचेरी बड़ी, मधुर यादव डायरेक्टर दा राजस्थान स्कूल कोटपूतली, सीएचएमओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर झुंझुनूं, डॉ. रामानंद शर्मा संपादक आइना ए शेखावाटी, डॉ संदीप नेहरा डायरेक्टर नोबल शिक्षण समुह, डॉ. हरिसिंह गोदारा राष्ट्रपति अवॉर्ड, डॉ. विरेन्द्र सिंह यादव मिश्री देवी आई अस्पताल बहरोड़, बुहाना प्रधान हरिकिशन यादव, डॉ. वाचस्पति कुलवंत पूर्व कुलपति पतंजलि विष्वविद्यालय, डॉ. सुरेन्द्र यादव प्राचार्य बानसूर कॉलेज आदि होंगे। राजस्थान शाखा के ब्रांड एम्बेसडर डॉ. रामानंद शर्मा और सहायक ब्रांड एम्बेसडर डॉ. उमराव सिंह यादव ने प्रवक्ता यादव के उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुये गांधी पीस फाउण्डेशन नेपाल को मानद उपाधि के लिये नाम चयनित कर भेजा है। राव श्योचंद राम मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक एडवोकेट डॉ. उमराव सिंह यादव द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वेच्छिक रक्तदान शिविर, नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर, नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर छात्रवृत्ति वितरण, प्रतिभा सम्मान तथा गांधी पीस फाउण्डेशन नेपाल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान पर चयनित व्यक्तियों को डॉक्टरेट मानद उपाधि दी जायेगी।

## एक दिवसीय ऑनलाईन कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में गुरूवार को डीएलक्यूएसी जयपुर संभाग द्वारा एक दिवसीय ऑनलाईन कार्यशाला का Navigating NAAC Accreditation : Identifying Institutional Uniqueness विषय पर आयोजन किया गया। कार्यशाला की मुख्य अतिथि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा की संयुक्त निदेशक पीएम उषा एवं मेंबर सेक्रेटरी एसएलक्यूएसी ने कहा कि जयपुर संभाग स्तर पर जिन महाविद्यालयों का द्दष्ट॰ ष्ब्ब्द्धह्लद्बह्लड्डह्लद्बशठ्ठ नहीं हुआ है वे तुरंत उस प्रक्रिया को शुरू करें। इसके बाद ही महाविद्यालय को अच्छी फंडिंग मिल सकेगी। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त निदेशक एपीडी पीएम यूए डॉ. प्रज्ञा टांक ने कहा कि सभी महाविद्यालय को नैक की गाईडलाईंस की अनुपालना करते हुये दस्तावेज तैयार करने चाहिये। मुख्य वक्ता डॉ. दिव्या जोशी ने नैक की पुरानी तथा नई प्रक्रिया को समझाया तथा अंतर बताया। डॉ. जोशी ने बताया कि प्रत्येक कार्यक्रम का दस्तावेज संग्रहण करना आवश्यक है तथा वेबसाईट पर समस्त आंकड़ों को अद्यतन रूप में अपलोड करना चाहिये। कार्यशाला की विशिष्ट वक्ता डॉ. अन्नता माथुर ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा अपने क्षेत्रीय संस्थानों का प्रयोग किया जा सकता है। नैक एसएसआर पूर्ण करते समय यदि कोई जानकारी छूट जाती है तो उसे भौतिक सत्यापन के समय प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करना चाहिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य डॉ. आर के सिंह ने संभाग की सभी महाविद्यालयों के उपस्थित प्राचार्य तथा संकाय सदस्यों का स्वागत किया और महाविद्यालय का परिचय दिया।

## नई अप्रोच के साथ आगे बढ़ेगा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग- शासन सचिव एवं आयुक्त ने विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नई अप्रोच के साथ काम करेगा। जनसम्पर्क की नई विधाओं और बदलते स्वरूप को ध्यान में रखते हुए परंपरागत प्रचार-प्रसार के साथ-साथ अब न्यू मीडिया पर विशेष रूप से फोकस किया जाएगा। इसके लिए विभाग को तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ अधिकारियों का विभिन्न ट्रेनिंग प्रोग्राम्स के जरिये कौशल संवर्धन किया जाएगा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की शासन सचिव अर्चना सिंह एवं आयुक्त संदेश नायक ने गुरुवार को मुख्यालय पर विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा के दौरान इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। शासन सचिव ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतिगत निर्णयों को जन-जन तक पहुंचाने में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की अहम भूमिका है। विगत वर्षों में मीडिया माध्यमों का स्वरूप तेजी से बदला है और सूचनाओं के संप्रेषण में तकनीक का उपयोग महत्वपूर्ण हो गया है।



इसे देखते हुए सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में भी प्रचार-प्रसार से जुड़ी नवीनतम तकनीकों को अपनाया जाएगा। अर्चना सिंह ने सभी शाखा प्रभारियों से उनके दायित्वों एवं काम-काज के बारे में विस्तार से चर्चा की और निर्देश दिए कि राज्य सरकार की योजनाओं की ब्रांडिंग इस तरह से की जाए कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक उनका लाभ पहुंचाने की मंशा साकार हो सके। राज्य सरकार का प्रचार-प्रसार रचनात्मक होने के साथ-साथ जानकारी परक हो और आमजन के लिए उपयोगी हो। प्रचार-प्रसार के दौरान लक्षित वर्ग का भी ध्यान रखा जाए ताकि सरकार के कार्यों का संदेश सही व्यक्ति तक सही समय पर पहुंचे।

इस अवसर पर उन्होंने मुख्यालय स्थित विभिन्न शाखाओं यथा विज्ञापन शाखा, क्षेत्र प्रचार शाखा, इलेक्ट्रोनिक मीडिया शाखा, समाचार शाखा, सोशल मीडिया शाखा, प्रकाशन शाखा, छायाचित्र शाखा, शोध एवं संदर्भ शाखा एवं राजस्थान संवाद सहित सम्पूर्ण विभागीय परिसर का दौरा किया और इन कार्यों में संपादित किए जाने वाले कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी शाखाओं में काम-काज को और बेहतर बनाने के लिए जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन)अरविंद सारस्वत, अतिरिक्त निदेशक (सूजस) सुश्री नर्बदा इंदौरिया, वित्तीय सलाहकार वीरेंद्र सिंह, संयुक्त निदेशक (प्रशासन) मनमोहन हर्ष, संयुक्त निदेशक (पीआरबी) सुश्री शिप्रा भटनागर, उप निदेशक (सोशल मीडिया) विजय खंडेलवाल, उप निदेशक (इलेक्ट्रोनिक मीडिया) तरुण जैन, उप निदेशक (संवाद) श्री ओटाराम चौधरी, उप निदेशक (पत्रकार शाखा) अजय कुमार, मुख्य फोटो अधिकारी श्री छोटू लाल जीनगर सहित विभागीय के अन्य अधिकारी व कार्मिक उपस्थित थे।

## ट्रेन के आगे बुजुर्ग ने छलांग लगाकर की आत्महत्या

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** शिवदासपुरा इलाके में ट्रेन के आगे एक बुजुर्ग ने छलांग लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। जानकरी में सामने आया कि बुजुर्ग व्यक्ति ने पहले रेलवे फाटक के पास अपनी बाइक खड़ी की और फिर इसके बाद ट्रेन के आते ही उसके सामने छलांग लगा दी। करीब 500 मीटर दूरी तक शव के टुकड़े बिखर गए। सूचना मिलने पर जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शव को सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने बताया कि टोंक के मालपुरा हाल प्रताप नगर जगतपुरा निवासी रामअवतार जैन (72) ने ट्रेन के आगे छलांग लगाकर आत्महत्या की। जो पिछले दो साल से यहां परिवार सहित रह रहे थे। पुलिस जांच में सामने आया कि रामअवतार जैन अपनी लूना (दुपहिया वाहन) लेकर घर से निकले थे और शिवदासपुरा के मलवा रेलवे फाटक पहुंचे।


**राजस्थान आवासन मण्डल**

क्रमांक :- 491 | दिनांक :- 02/07/2025

**निविदा सूचना संख्या : 01/2025-26**

1. खण्ड भिवाड़ी के अधीन मण्डल की भूमि की चारदीवारी के निर्माण का कार्य 2. मण्डल की शाहजहांपुर, बन्दापुर एवं खोरी कलां योजना में होर्डिंग बोर्ड लगाने का कार्य के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदा दाताओं से दिनांक 08.07.2025 दोपहर 12.00 बजे से 18.07.2025 सायं 06.00 बजे तक राजस्थान सरकार के पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in व मण्डल की वेबसाईट http://rhb.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

यू.बी.एन. नं.:- RHB2526WSOB00088 और RHB2526WSOB00089

राज.संवाद/सी/25/5510 | उप आवासन आयुक्त, वृत्त अलवर

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, वृत्त-मुख्यालय जयपुर**

क्रमांक :- अधी.अभि./वृत-मुख्यालय/वि.बो./2025-26/15 | दिनांक :- 03/07/2025

**ई-बोली आमंत्रण सूचना संख्या-01/2025-26**

आगामी एक वर्ष के लिए राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, जयपुर में कार्य आधार/दर अनुबंध पर कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक (मषीन विद मैन) की सेवा उपलब्ध करवाने हेतु विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता/संवेदकों से ई-बोली (तकनीकी-वाणिज्यिक/क्वालिफाईंग बिड व वित्तीय/प्राईस बिड आमंत्रित की जाती है। विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना एवं ई-बोली दस्तावेज बोर्ड की वेबसाईट www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। (UBN No.- AGM2526SLOB00369)

राज.संवाद/सी/25/5480 | अधीक्षण अभियन्ता

**कार्यालय, सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग, टोंक**

द्वितीय तल, ट्रांजिस्ट हॉस्टल, सर्किट हाउस के पास टोंक

Phone-01432-294552 | Email:-tonk.we@rajasthan.gov.in

क्रमांक:- लेखा/2025-26/450 | दिनांक:-25-6-2025

**खूली निविदा सूचना 01/2025-26**

कार्यालय सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग टोंक में वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि में होने वाले आयोजनों हेतु विभिन्न व्यवस्था/सामग्री क्रय करने के लिए वार्षिक दर अनुबंध द्वारा मोहरबंद निविदाएं निधारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री/ कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र शुल्क (रुपए) | धरोहर राशि (रुपए) | अनुमानित व्यय (रुपए) | बोली फार्म प्राप्त करने की प्रारम्भिक तिथि एवं समय | बोली फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी बोली खोलने की तिथि व समय | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रिंटिंग कार्य/छपाई /फ्लैक्स (समस्त) | 200/- | 4000/- | 200000/- | 25.6.2025 दोपहर 12.00 बजे | 07.07.2025 दोपहर 1.00 बजे | 08.07.2025 सांय 5.00 बजे | 09.07.2025 दोपहर 12.00 बजे |
| 2. | भोजन, अल्पाहार आपूर्ति | 200/- | 10000/- | 500000/- | 25.6.2025 दोपहर 2.00 बजे | 7.7.2025 दोपहर 1.00 बजे | 6.7.2025 सांय 5.00 बजे | 9.07.2025 दोपहर 12.00 बजे |
| 3. | टेन्ट एवं लाइट कार्य | 200/- | 10000/- | 500000/- | 25.6.025 दोपहर 2.00 बजे | 7.7.2025 दोपहर 1.00 बजे | 8.7.2025 सांय 5.00 बजे | 9.7.2025 दोपहर 12.00 बजे |
| 4. | स्टेशनरी | 200/- | 4000/- | 200000/- | 25.6.2025 दोपहर 2.00 बजे | 7.7.2025 दोपहर1.00 बजे | 8.7.2025 सांय 5.00 बजे | 9.7.2025 दोपहर 12.00 बजे |
| 5. | फर्नीचर/ अलमीरा (समस्त कार्यालय उपयोगी सामग्री। | 200/- | 6000/- | 300000 | 25.6.2025 दोपहर 2.00 बजे | 7.7.2025 दोपहर 1.00 बजे | 8.7.2025 87.2025 बजे | 9.7.2025 दोपहर 12.00 बजे |

1. बोली दस्तावेज का विस्तृत विवरण एवं आवश्यक शर्तों की जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्य दिवस में देखी एवं प्राप्त की जा सकती है। बोली फार्म शुल्क चैक/ड्राफ्ट द्वारा भूगतान कर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है या sppp पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट www.wed.rajasthan.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है। बोली शुल्क बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स बैंक/चालान (0075-00-800-09) सहायक अधिक्षक महिला अधिकारिता टोंक के नाम से देय होने पर ही स्वीकार किया जावेगा।
2. किसी भी निविदा को या उस निविदा के किसी भाग को बिना कोई कारण बताए रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सरक्षित रहेगा।
3. उपरोक्त सामग्री की अनुमानित मात्रा जिसमें कमियां/बढोतरी की जा सकती है। कमेटी उक्त एंकित किसी सामग्री की न्यूनतम मात्रा एवं कोई सामग्री क्रय करने के लिए बाध्य नहीं है।
4. प्रत्येक क्रम संख्या (मद) की निविदा के लिए पृथक-पृथक आवेदन किया जायेगा।

NIB Code - WMP2526A0075
UBN is - WMP2526SSOB00084
WMP2526SSOB00085
WMP2526SSOB00086
WMP2526SSOB00087
WMP2526SSOB00088

सहायक निदेशक
महिला अधिकारिता विभाग
टोंक राज.

## सम्पादकीय

# पीएम मोदी की अफ्रीकी व दक्षिण अमेरिकी देशों की यात्रा से ग्लोबल साउथ को मिलेगी मजबूती,

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने 9 दिवसीय विदेश दौरे पर 2 जुलाई को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हो गए। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भी भारत के वैश्विक साझेदारी को ग्लोबल साउथ और अटलांटिक के दोनों पक्षों के साथ संबंधों को मजबूत करना है।

जब वैश्विक पटल पर अमेरिका और चीन एक दूसरे पर पलटवार करने के लिए रूस के मित्र भारत को अपने-अपने खेमे में मिलाने के लिए तरह-तरह की भारत विरोधी चालें चल रहे हैं, वहीं भारत अपनी सधी चाल से रूस को भी हैरत में डालते हुए ग्लोबल साउथ यानी तीसरी दुनिया के देशों पर निरंतर अपनी पकड़ मजबूत करता जा रहा है। इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी विगत 11 वर्षों से लगातार वैश्विक यात्रा कर रहे हैं और भारत की वैश्विक स्थिति को काफी मजबूती प्रदान कर चुके हैं। उनकी कोशिश है कि भारत दुनिया के गुटनिरपेक्ष देशों को एक सशक्त नेतृत्व प्रदान करे और अपने साथ साथ सभी देशों का आशातीत विकास करे। इससे सत्य व अहिंसा की वैश्विक भावना को भी मजबूती मिलेगी।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने 9 दिवसीय विदेश दौरे पर 2 जुलाई को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हो गए। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भी भारत के वैश्विक साझेदारी को ग्लोबल साउथ और अटलांटिक के दोनों पक्षों के साथ संबंधों को मजबूत करना है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री की इस यात्रा में घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा शामिल हैं। पीएम मोदी ने इन देशों को भारत की विदेश नीति के लिए महत्वपूर्ण साझेदार बताया, जो ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और बहुपक्षीय सहयोग से जुड़े हैं।

अपने इस विदेश यात्रा के दौरान पीएम मोदी अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के कई देशों की यात्रा करेंगे, जिसके अपने वैश्विक मायने हैं। इसके अलावा वह ब्राजील की मेजबानी में हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी शामिल होंगे, जहां वह ग्लोबल साउथ से जुड़े मुद्दों को उठाएंगे। स्पष्ट है कि उनकी यह यात्रा ग्लोबल साउथ में भारत की धमक बढ़ाएगी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफ्रीकी देश घाना की पहली द्विपक्षीय यात्रा की शुरुआत 2-3 जुलाई को की। वह पिछले तीन दशक में यहां आने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर मैं 2-3 जुलाई को घाना का दौरा करूंगा। घाना ग्लोबल साउथ में एक मूल्यवान साझेदार है और अफ्रीकी संघ और पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास साझेदारी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि घाना की संसद में बोलना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 4 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1054 सुपरनोवा एसएन 1054 को अरब, चीनी गीत राजवंश ने देखा था और स्टार जेटा तौरी के करीबी अमेरिंडियन पर्यवेक्षक हो सकते हैं। कई महीनों तक यह दिन के दौरान देखने के लिए पर्याप्त उज्ज्वल रहा। इसके बचे हुए हिस्से ने क्रैब नेबुला का गठन किया।
- 1054 चीनी खगोलविदों ने गेस्ट स्टार की अचानक उपस्थिति दर्ज की, जो वास्तविक रूप से सुपरनोवा था जिसने क्रैब नेबुला बनाया था।
- 1610 पोलिश-मस्कोविट वॉर-पोलिश-लिथुआनियाई राष्ट्रमंडल के आउटबर्ड बलों ने क्लुशिनो की लड़ाई में रूसियों को हराया।
- 1610 पोलिश-मस्कोविट युद्ध- पोलिश-लिथुआनियाई राष्ट्रमंडल के बाहर गिने हुए बलों ने क्लुशिनो की लड़ाई में रूस के Tsardom को हराया।
- 1634 ट्रोइस रिवेयर्स शहर की स्थापना नई फ्रांस (वर्तमान कनाडा) में हुई थी। क्यूबेक, कनाडा के मॉरीसी प्रशासनिक क्षेत्र का एक शहर है। यह सेंट लॉरेंस सेंट और मौरिस नदियों के विलय बिंदु पर स्थित है, जो सेंट लॉरेंस नदी के उत्तरी किनारे पर बेकनकोर शहर के सामने स्थित है।
- 1776 अमेरिकी स्वतन्त्रता की घोषणा।
- 1776 दूसरी महाद्वीपीय कांग्रेस ने संयुक्त राज्य अमेरिका की स्वतंत्रता की घोषणा को अपनाया। यह घोषित किया कि ग्रेट ब्रिटेन के साथ युद्ध में तेरह अमेरिकी उपनिवेश, खुद को तेरह नए स्वतंत्र स्वायत्त राज्यों के रूप में मानते हैं, ब्रिटिश साम्राज्य से भाग लेते हैं। बल्कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र अमेरिका नामक एक नए राष्ट्र का गठन किया।
- 1776 फिलाडेल्फिया में, कॉन्टिनेंटल कांग्रेस ने स्वतंत्रता की घोषणा को अपनाया, यह घोषणा करते हुए कि तेरह अमेरिकी साम्राज्य अब ब्रिटिश साम्राज्य का हिस्सा नहीं थे।
- 1776 अमरीका के 13 राज्यों के प्रतिनिधियों ने फिलाडेल्फिया नगर में इस देश की स्वतंत्रता के घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किये। इसी लिए इस दिन को अमेरिका की आजादी के तौर पर जाना जाता है।
- 1782 चार्ल्स वाटसन-वेंटवर्थ की मृत्यु के बाद विलियम पैटी ग्रेट ब्रिटेन के प्रधान मंत्री बन गए।
- 1817 मुख्य अभियंता जेम्स गैदेस ने एरी नहर, (रोम, न्यूयॉर्क) पर निर्माण शुरू किया, यह उत्तरी अमेरिका में पहले प्रमुख इंजीनियरिंग कार्यों में से एक था।
- 1819 विलियम हर्शल 1819 धूमकेतु के अंतिम दूरबीन का अवलोकन किया।
- 1827 न्यूयॉर्क राज्य ने गुलामी को समाप्त कर दिया। दासता एक कानूनी या आर्थिक प्रणाली थी जिसके तहत लोगों को निजी संपत्ति माना जाता था। गुलामों को खरीदा और बेचा जा सकता है। दासों को उनके कब्जे, खरीद या जन्म के समय से आयोजित किया जा सकता है। गुलामों को अधिकार से वंचित कर दिया गया, जैसे काम करने से इंकार करना या मुआवजे की मांग करना।
- 1829 जॉर्ज शिलबियर द्वारा लंदन में पहली बस सेवा का संचालन शुरू किया गया।
- 1848 फ्रांसवा शाटोब्रेयां नामक फ़्रांसीसी शायर का निधन हुआ। जिन्होने फ़्रांसीसी साहित्य की सराहनीय सेवा की है।

विशेष आलेख

# विश्व गुरु का संकल्प: आठ दिनों में पांच महादेशों को जोड़ता भारत



प्रो. आरके जैन

**3-4 जुलाई को त्रिनिदाद और टोबैगो की धरती पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय मूल की 40-45त्न आबादी के साथ सांस्कृतिक और ऐतिहासिक बंधनों का एक सशक्त, आत्मीय और प्रेरक उत्सव रचेंगे। 1999 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा, भारतीय प्रवासियों की 180 वर्षों की गौरवमयी विरासत को एक नया आलोक प्रदान करती है। 2024-25 में दोनों देशों के बीच 341.61 मिलियन डॉलर का व्यापार इस रिश्ते की जीवंतता और गहराई को रंगीन कैनवास पर उकेरता है। भारत ने त्रिनिदाद और टोबैगो को नवीकरणीय ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभूतपूर्व सहयोग दिया है, जिसमें सौर ऊर्जा की क्रांतिकारी परियोजनाएं और डिजिटल शिक्षा की नवोन्मेषी पहल शामिल हैं।**

जब विश्व की निगाहें भारत पर टिकी हैं, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ऐसी साहसिक और दूरदर्शी यात्रा पर निकले हैं, जो ग्लोबल साउथ में भारत की महत्त्वाकांक्षाओं को नया आयाम देगी और विश्व मंच पर भारत को एक सशक्त, अग्रणी शक्ति के रूप में स्थापित करेगी। यह आठ दिवसीय यात्रा—घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील, और नामीबिया—मात्र कूटनीति नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक समृद्धि, रणनीतिक कुशलता और वैश्विक नेतृत्व की प्रबल घोषणा है। ऐसे दौर में, जब वैश्विक भू-राजनीति अनिश्चितता के भंवर में उलझी है और अमेरिकी नीतियां नए वैश्विक समीकरण गढ़ रही हैं, यह यात्रा भारत को एक विश्वसनीय, प्रभावशाली और प्रेरक शक्ति के रूप में उभारती है। यह दौरा भारत के आर्थिक, सांस्कृतिक और रक्षा हितों को ग्लोबल साउथ के देशों के साथ जोड़ने का एक अभूतपूर्व प्रयास है, जो भारत की वैश्विक आवाज को और सशक्त करेगा। साथ ही, यह यात्रा भारत के 'विश्व गुरु' के दृष्टिकोण को मूर्त रूप देती है, जो समावेशी विकास और वैश्विक एकता के प्रति अटल प्रतिबद्धता को दर्शाता है। घाना में पहला पड़ाव भारत के लिए पश्चिमी अफ्रीका के साथ एक अभूतपूर्व साझेदारी का स्वर्णिम अवसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह ऐतिहासिक द्विपक्षीय यात्रा भारत-घाना संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। 2024-25 में भारत घाना का सबसे बड़ा निर्यातक देश रहा, जिसमें घाना से भारत के आयात का 70त्न से अधिक हिस्सा सोने का है। इसके साथ ही, भारत ने घाना में डिजिटल बुनियादी ढांचे और स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त करने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की है, जिसने घाना की डिजिटल अर्थव्यवस्था को नया बल दिया है। रक्षा सहयोग के तहत भारत द्वारा प्रदान किए गए प्रशिक्षण और अत्याधुनिक उपकरण, साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में रणनीतिक निवेश, इस यात्रा को और भी महत्वपूर्ण बनाते हैं। यह दौरा अफ्रीकी महाद्वीप में भारत की मित्रता को एक नया आलोक प्रदान करेगा, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में दीर्घकालिक, परिवर्तनकारी साझेदारी का मजबूत आधार रचेगा।

3-4 जुलाई को त्रिनिदाद और टोबैगो की धरती पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय मूल की 40-45त्न आबादी के साथ सांस्कृतिक और ऐतिहासिक बंधनों का एक सशक्त, आत्मीय और प्रेरक उत्सव रचेंगे। 1999 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा, भारतीय प्रवासियों की 180 वर्षों की गौरवमयी विरासत को एक नया आलोक प्रदान करती है। 2024-25 में दोनों देशों के बीच 341.61 मिलियन डॉलर का व्यापार इस रिश्ते की जीवंतता और गहराई को रंगीन कैनवास पर उकेरता है। भारत ने त्रिनिदाद और टोबैगो को नवीकरणीय ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभूतपूर्व सहयोग दिया है, जिसमें सौर ऊर्जा की क्रांतिकारी परियोजनाएं और डिजिटल शिक्षा की नवोन्मेषी पहल शामिल हैं। संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए और राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू व प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर के साथ विचार-विमर्श में, पीएम मोदी कैरेबियाई क्षेत्र में भारत की प्रभावशाली उपस्थिति को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। यह दौरा सांस्कृतिक एकता, व्यापारिक गतिशीलता और तकनीकी सहयोग का एक अनुपम समन्वय प्रस्तुत करता है, जो भारत के सॉफ्ट पावर को वैश्विक मंच पर एक चमकते सितारे की तरह देदीप्यमान बनाएगा।

4-5 जुलाई को अर्जेंटीना की धरती पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के साथ रक्षा, कृषि, खनन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को एक नई, गतिशील दिशा देंगे। 57 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा, लिथियम जैसे रणनीतिक खनिजों में साझेदारी को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाएगी। लिथियम, भारत की इलेक्ट्रिक वाहन क्रांति और हरित ऊर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों का आधार है, और अर्जेंटीना विश्व के सबसे विशाल लिथियम भंडारों का धनी है। 2024-25 में दोनों देशों के बीच व्यापार, जो सोयाबीन और सूरजमुखी तेल पर केंद्रित है, 2.5 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर चुका है, जो भारत को दक्षिण अमेरिका में एक प्रमुख व्यापारिक शक्ति के रूप में स्थापित करता है। यह ऐतिहासिक मुलाकात भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने के साथ-साथ दक्षिण अमेरिका में भारत की रणनीतिक उपस्थिति को और अधिक प्रबल करेगी, एक नए युग की शुरुआत करते हुए।

5-8 जुलाई को ब्राजील में आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की प्रबल और दूरदर्शी आवाज को वैश्विक मंच पर और अधिक सशक्त करेंगे। आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जिम्मेदार उपयोग जैसे वैश्विक चुनौतियों पर भारत का स्पष्ट और प्रेरक दृष्टिकोण विश्व को एक नई दिशा प्रदान करेगा। भारत ने ब्रिक्स ढांचे के तहत डिजिटल अर्थव्यवस्था और स्टार्टअप सहयोग को नया आयाम दिया है, जिसमें यूपीआई जैसे क्रांतिकारी मॉडल को वैश्विक मंच पर गौरव के साथ प्रस्तुत किया गया है। राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता में व्यापार, रक्षा, अंतरिक्ष और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में भारत-ब्राजील साझेदारी को अभूतपूर्व गति और गहराई मिलेगी।

# देश में नशे के सौदागरों का बढ़ता जाल



डॉ. सत्यवान सौरभ

**पैसे के लिए इंसानियत का सौदा करने वाले ड्रग माफिया, पुलिस और राजनीति में मिलीभगत, विदेशों से आने वाली तस्करी की खेप, और स्थानीय स्तर पर युवाओं को इस दलदल में धकेलने वाले एजेंट। ये सब मिलकर देश को अंदर से खोखला कर रहे हैं। यह कोई संयोग नहीं कि हर बड़ी ड्रग बरामदगी के पीछे किसी न किसी रसूखदार का नाम सामने आता है, लेकिन मामला वहीं दबा दिया जाता है। एक वर्ग ऐसा भी है जो नशे को लाइफस्टाइल का हिस्सा मानने लगा है। ऊंचे दर्जे की पार्टियों में ड्रग्स फैशन बन चुकी है। वहां कोई इसे सामाजिक अपराध नहीं मानता, बल्कि 'कूलनेस' का प्रतीक बना दिया गया है।**

**भारत में नशे का संकट अब व्यक्तिगत बुराई नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आपदा बन चुका है। ड्रग माफिया, तस्करी, राजनीतिक संरक्षण और सामाजिक चुप्पी—सब मिलकर युवाओं को अंधकार में ढकेल रहे हैं। स्कूलों से लेकर गांवों तक नशे की जड़ें फैल चुकी हैं। यह सिर्फ स्वास्थ्य नहीं, सोच और सभ्यता का संकट है। समाधान केवल कानून से नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना, संवाद, शिक्षा और सामाजिक नेतृत्व से आएगा। अगर आज हम नहीं जगे, तो कल हम एक खोई हुई पीढ़ी का मातम मनाएंगे।**

भारत आज एक दोहरी लड़ाई लड़ रहा है—एक तरफ तकनीक और विकास की उड़ान है, और दूसरी ओर समाज के भीतर नशे का अंधकार फैलता जा रहा है। नशा अब सिर्फ एक व्यक्तिगत बुराई नहीं रह गया, बल्कि यह एक संगठित उद्योग, एक अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र और एक सामाजिक महामारी का रूप ले चुका है। देश के गाँव से लेकर शहर तक, स्कूलों से लेकर कॉलेजों तक, और अमीरों की पार्टियों से लेकर गरीबों की गलियों तक, नशे के सौदागर अपना जाल फैलाए बैठे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि अब यह जाल केवल शराब या गांजे तक सीमित नहीं रहा। सिंथेटिक ड्रग्स, केमिकल नशे, हेरोइन, ब्राउन शुगर, कोकीन जैसे घातक पदार्थ अब भारत के युवाओं के जीवन को खोखला कर रहे हैं। पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, मणिपुर, गोवा जैसे राज्यों में तो यह जहर सामाजिक ताने-बाने को चीर चुका है। एक ओर सरकार युवाओं को स्किल्ड बनाने की बात करती है, दूसरी ओर लाखों नौजवान नशे की गिरफ्त में अपनी ऊर्जा, जीवन और भविष्य गंवा रहे हैं।

**नशे के पीछे एक पूरा तंत्र सक्रिय है—**

पैसे के लिए इंसानियत का सौदा करने वाले ड्रग माफिया, पुलिस और राजनीति में मिलीभगत, विदेशों से आने वाली तस्करी की खेप, और स्थानीय स्तर पर युवाओं को इस दलदल में धकेलने वाले एजेंट। ये सब मिलकर देश को अंदर से खोखला कर रहे हैं। यह कोई संयोग नहीं कि हर बड़ी ड्रग बरामदगी के पीछे किसी न किसी रसूखदार का नाम सामने आता है, लेकिन मामला वहीं दबा दिया जाता है।

एक वर्ग ऐसा भी है जो नशे को लाइफस्टाइल का हिस्सा मानने लगा है। ऊंचे दर्जे की पार्टियों में ड्रग्स फैशन बन चुकी है। वहां कोई इसे सामाजिक अपराध नहीं मानता, बल्कि 'कूलनेस' का प्रतीक बना दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ गरीब युवा—जो बेरोजगारी, हताशा और टूटी हुई उम्मीदों के शिकार हैं—उन्हें नशा एक अस्थायी राहत की तरह दिखता है। दोनों ही हालात समाज को विनाश की ओर ले जा रहे हैं।

स्कूलों और कॉलेजों में नशा जिस तरह से प्रवेश कर चुका है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक गहरी चेतावनी है। कई रिपोर्टें बताती हैं कि स्कूल के बच्चे तक ड्रग्स की चपेट में हैं। छोटे-छोटे पाउच, चॉकलेट जैसे पैकेट्स, खुशबूदार पाउडर—इनके ज़रिए नशा परोसा जा रहा है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस के महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा। 15 मार्च सन 1966 को मथुरा में जन्में राजीव शर्मा शुरू से ही उत्साही और आत्मविश्वासी रहे। शिक्षा की बात करें तो राजीव शर्मा एम.फिल- एम.ए हैं। सन 1990 बैच के आईपीएस हैं और कल ही राजस्थान की भजन लाल सरकार ने उन्हें दिल्ली से बुला कर राजस्थान पुलिस का मुखिया बनाया है। गुरूवार को महानिदेशक पुलिस (हैड ऑफपुलिस फोर्स) राजस्थान, जयपुर का पद भार ग्रहण किया है। इससे पूर्व शर्मा महानिदेशक, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, भारत सरकार, नई दिल्ली रहे। इससे पूर्व महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान जयपुर। महानिदेशक पुलिस, कानून एवं व्यवस्था आरएसी एवं राज्य आपदा प्रतिसाद बल, राजस्थान जयपुर। महानिदेशक पुलिस.कम.निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस.कम.निदेशक,राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, कार्मिक, राजस्थान जयपुर। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, पुनर्गठन एवं नियम, राजस्थान पुलिस मु यालय जयपुर। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, मु यालय राजस्थान जयपुर। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, एन्टी हुमन ट्राफिकिंग, जयपुर। एडीजी 56वां राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज पाठ्यक्रम, नेशनल डिफेंस कॉलेज, नई दिल्ली। संयुक्त निदेशक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो एसटीफजोन नई दिल्ली। पुलिस उप महानिरीक्षक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो नई दिल्ली। पुलिस महानिरीक्षक, एसीबी जयपुर। पुलिस महानिरीक्षक, भरतपुर रेंज भरतपुर। पुलिस महानिरीक्षकए एसीबी जयपुर। पुलिस महानिरीक्षक, भरतपुर रेंज भरतपुर। पुलिस महानिरीक्षक, बीकानेर रेंज बीकानेर। पुलिस उप महानिरीक्षक, अपराध शाखा जयपुर। पुलिस अधीक्षक, जयपुर उत्तर प्रदेश। पुलिस अधीक्षक, भरतपुर। सहायक पुलिस महानिरीक्षक, नीति केंद्रीय जांच ब्यूरो, उत्तरी ब्लॉक नई दिल्ली। पुलिस अधीक्षक, सीबीआई, विशेष इकाई नई दिल्ली। पुलिस अधीक्षक, केंद्रीय जांच ब्यूरो, जयपुर। पुलिस अधीक्षक यातायात जयपुर शहर। पुलिस अधीक्षक, राजसमंद। बोस्निया, हर्जेगोविना में प्रतिनियुक्ति। पुलिस अधीक्षक, दौसा। पुलिस अधीक्षक, झालवाड़। सहायक अधीक्षक, पुलिस जोधपुर मध्य रहे। इसके अतिरिक्त इन पदों पर अतिरिक्त कार्यभार संभाला जैसे अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस मु यालय, राजस्थान, जयपुर। अपर पुलिस महानिदेशक, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो एससीआरबी राजस्थान, जयपुर। अपर पुलिस महानिदेशक, पुनर्गठन राजस्थान जयपुर। अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात राजस्थान जयपुर। 15.अगस्त.2006 को पुलिस पदक और 15.अगस्त 2014 राष्ट्रपति पुलिस पदक से इन्हें नवाजा गया है। एक शानदार पुलिस अधिकारी के रूप में फोर्स इन्हे देखती है। अब राजस्थान के पुलिस बेड़े में एक नई उर्जा के साथ काम होगा इसी कामना के साथ टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



श्री राजीव कुमार शर्मा
(महानिदेशक पुलिस राजस्थान)

रूपक शर्मा

## संस्मरण
डॉ. उदय भान सिंह, डीन कृषि कॉलेज, भुसावर

# दिखावा करना एक धोखा एवं मानसिक बीमारी है

अति भोगवाद हमारे प्राकृतिक सुरक्षा कवच को क्षति पहुँचा रहा है। हमारी मूलभूत आवश्यकताओं में रोटी, कपडा, मकान, शिक्षा एवं स्वास्थ्य हैं। लेकिन बढ़ते बाजारीकरण और पैसे के प्रवाह ने विकास के नाम पर दुनिया में पनप रही चकाचौंध ने मानव को अंधा कर दिया है और वह भौतिकवादी दिखावे को अपने मान-सम्मान से जोड़ने लगा है। आवश्यकता से बड़ा मकान ए.सी., कार, कम्प्यूटर का उपयोग तथा शादी, जन्मदिन सहित तमाम अवसरों पर बडे आयोजन, विदेश मे पढाई आदि हमारे स्टेटस सिंबल हैं। प्लास्टिक का प्रयोग तो हमारी अनिवार्यता में जुड गया है, सब्जी के लिए कपडे का थैला लेकर जाना हमारी शान के खिलाफ है। हमें पता होना चाहिए कि यह दिखावा ही पर्यावरण प्रदूषण का मुख्य कारण है। बढता शहरीकरण, सडकीकरण व औधोगिकीकरण भी हमारे दिखावे को ही तृप्त करने के लिए है। इसलिए हमें अपने दिखावे को कम करके प्रगति का रास्ता अपनाना चाहिए। छोटा हवादार खिडकीयुक्त घर बनाये, घर के प्लाट में खाली जगह रखें, जिस पर पौधे, लॉन व सब्जियों की क्यारी लगायें, शादी दिन में करें व केवल परिजन और नजदीकी मित्रों को आमंत्रित करें, लम्बी दूरी सार्वजनिक परिवहन से तय करें तथा प्लास्टिक के प्रयोग से बचें। दिखावे वाली पाश्चात्य संस्कृति विनाशकारी है। पुरातन भारतीय संस्कृति एवं विकास में तारतम्य होना चाहिए। मानव को हवा, पानी और भोजन प्रकृति से मिलता है। हमारी आडम्बरपूर्ण जीवन शैली से हवा, पानी और भोजन प्रदूषित हो रहे हैं। प्रकृति की सुरक्षा में ही हमारी सुरक्षा छिपी है, प्रकृति का विनाश प्रलयकारी है। हमारे तथाकथित विकास ने गाँव, शहर, नदी, नाले, समुद्र, पहाड, वायु, पानी आदि सभी को गंदा कर दिया है। हमारे द्वारा दिये गये घावों से प्रकृति कराह रही है, हमें अपनी बीमारी के संकेत भी दे रही है। हमें सावधानी से उसका इलाज करना चाहिए ताकि प्रकृति पुनः हरी - भरी व स्वस्थ हो सके। अभी वर्षा ऋतु चल रही है, अधिकाधिक पेड लगायें और उनकी सुरक्षा करें। जिसके पास पौधे लगाने के लिए जगह नही है वे गमलों मे पौधे लगायें, वर्टीकल गार्डनिंग की कला से दीवारो पर पौधे लगायें, छतों को नमी रोधी बनाकर टेरेस गार्डन बनायें, छायापसंद पौधे भी घरों की खिडकियों तथा बरामदे में लगाये जा सकते हैं। बडे गमलों में सब्जियॉ भी उगायी जा सकती हैं। रासायनिक उर्वरक व पेस्टीसाइड का प्रयोग कम अथवा नही करें, यह पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य के लिए घातक हैं। पौधे प्राणवायु और भोजन दोनो देते हैं तथा ये हमारे जीवन का आधार हैं। पौधों से हमारी प्रकृति और पृथ्वी का सौदंर्य भी बढता है। इसलिए अधिकाधिक पौधे लगाये और दिखावे को कम करें। यह हमारी स्वस्थ प्रकृति और प्रगति के लिए जरूरी है। हम प्रकृति का बहुत छोटा अंग है, यदि प्रकृति नही बची तो हम भी नही बचेंगे।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी कानूनी मामले में भी जीत मिलेगी, इसलिए आप किसी बहसबाजी में ना पड़ें। यदि आपका धन व्यापार में कहीं फंसा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए धनधान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आप कोई निर्णय जल्दबाजी मे लेंगे, तो उसके लिए आपको बाद में पछतावा होगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। किसी नए मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कर्क**
आपको हर काम में सावधान रहने की जरूरत है. किसी दूसरे व्यक्ति की वजह से आपके काम में जरूरत से ज्यादा समय लग सकता है. कुछ आदतों में सुधार लाने से आपका दिन बेहतर हो सकता है. जीवनसाथी के साथ आपको प्यार से बात करनी चाहिए।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। पार्टनरशिप में कोई डील फाइनल होने से आपको धोखा मिल सकता है। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप अपने पिताजी से पैतृक बिजनेस को लेकर सलाह ले सकते हैं।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने कामों में पूरी मेहनत से जुटेंगे, लेकिन आपका ध्यान फिर भी दूसरी जगह लगेगा। आपको अपने खर्चों पर भी थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। जीवनसाथी से यदि आप कोई बात गुप्त रखे, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए तरक्की के नए-नए मार्ग खोलेगा। आप किसी की बातों में आकर कोई निवेश संबंधित फैसला न लें। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है, क्योंकि साथी के साथ उनकी बॉन्डिंग अच्छी रहेगी।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपके कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं। आपको काम के सिलसिले में किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों की कुछ नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपका कोई काम समय से पूर्ण न होने के कारण आपके मन में निराशा बनी रहेगी। परिवार में भी लड़ाई झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य भरपूर मात्रा में मिलेगा। स्वास्थ्य के मामले में आप लापरवाही बिल्कुल ना करें।

**मीन**
आज कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को उनकी मेहनत का फल मिलेगा, जिससे वह अच्छा लाभ कमाएंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी।

# भव्य कलश यात्रा के साथ आज से शुरू होगा तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**बाबा श्याम, लक्ष्मीनारायण भगवान, बालाजी एवं शिव परिवार की मूर्तियां होगी स्थापित**

**सभी तैयारियां पूरी, आयोजन स्थल महोत्सव के लिए सज धज कर तैयार**

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा क्षैत्र की धार्मिक नगरी डिग्गी में नुक्कड़ चौराहे से डिग्गी की ओर जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग पर श्री श्याम मित्र मण्डल पदयात्रा संघ मालपुरा द्वारा नवनिर्मित श्री धाम डिग्गी में 4 से 6 जुलाई तक होने वाले विशाल एवं भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है तथा आयोजन स्थल महोत्सव के लिए सज घज कर तैयार हो चुका है। संघ के पवन मेन्दवास्या ने बताया कि संघ के तत्वावधान में श्रीधाम डिग्गी में 4 से 6 जुलाई तक श्री धाम डिग्गी में विशाल एवं भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन होगा। महोत्सव के अन्तर्गत श्री धाम में बाबा श्याम सहित लक्ष्मीनारायण मन्दिर, वीर बालाजी एवं शिव परिवार की मूर्तियां स्थापित की जाएगी। महोत्सव के अन्तर्गत 4 जुलाई को कलश यात्रा, मण्डप स्थापना, मण्डप अर्चना व अग्नि स्थापना, 5 जुलाई को नित्यार्चन, मूर्ति अधिवास व हवन तथा 6 जुलाई को मूर्ति अवमत स्नान, मूर्तियो का शेष हवन व महाआरती होगी। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में 6 जुलाई को कार्यक्रम स्थल पर दोपहर एक बजे विशाल भजनामृत रंसगंगा का आयोजन होगा। जिसमें गायक अविनाश शर्मा, आदित्य छीपा सहित अन्य कई कलाकार भजन प्रस्तुत करेगें। इसके अलावा संघ के तत्वावधान में श्री धाम डिग्गी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष पदयात्रा लक्खी मेले के पावन अवसर पर 1 से 5 अगस्त तक विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। महोत्सव को भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए सेवादार दिन रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं। अब महोत्सव की सभी तैयारियो को अन्तिम रूप प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम को आकर्षक तरीके से सजाया जाकर रंगीन व दूधिया रोशनी से जगमग किया गया है। कार्यकर्ता लेकर पहुंचे पवित्र ज्योति व मूर्ति उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए बाबा श्याम की मूर्ति व पवित्र ज्योति को खाटू धाम व रींगस धाम से संघ के कार्यकर्ता लेकर गुरूवार को देर शाम श्री धाम डिग्गी पहुंच चुकी है।

# बीसलपुर बांध में 30 घंटे में आया 2 फीट पानी:जल स्तर पहुंचा 313.28 आरएल मीटर, जिले में औसत 14 एमएम बारिश हुई

**टोंक (का.स.)।** बीसलपर बांध के भराव क्षेत्र भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ क्षेत्र में बुधवार को हुई तेज बारिश के बाद बीसलपुर बांध में पानी की आवक तेज हो गई है। पिछले 32 घंटे में गुरुवार दोपहर 12 बजे तक दो फ़ीट (64 सेंटीमीटर) पानी की आवक हुई है। इसी के साथ बांध का जल स्तर आज सुबह 10 बजे तक 313.28 आर एल मीटर हो गया है। जलस्तर 30 घंटे में ही 2 फ़ीट से ज्यादा बढ़ गया है। वहीं जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक जिले में औसत बारिश 14 एमएम हुई है। गुरुवार को भी जिला मुख्यालय समेत कुछ स्थानों को छोड़कर जिले के अधिकांश स्थानों पर तेज बारिश हुई है। इससे सड़कें दरिया बन गईं। सबसे ज्यादा बारिश नासिरदा और पनवाड मे 30-30 एमएम बारिश हुई है। इसके अलावा चांदसेन 20 स्रूऱ लांबाहरिसिंह 15 एमएम, माशी 19 स्रूऱ ठीकरिया 20 स्रूटोरडी सागर 10 स्रूबारिश हुई है। आज भी कई जगह बारिश हुई है। जिले में मौसम सुहावना बना हुआ है। अभी भी काले बादल छाये हुए हैं। तापमान भी गिरा है। ज्ञात रहे कि जिले में 19 दिन से बारिश का मौसम बना हुआ है। आये दिन जिले में बारिश हो रही है। बीते 24 घंटे में जिले के कई स्थानों पर तेज बारिश हई। बीसलपुर बांध परियोजना के ङ्गश्वह्न मनीष बंसल ने बताया कि बीसलपुर बांध क्षेत्र में बीते 30 घंटे में दोपहर 12 बजे तक 64 सेंमी जल स्तर बढ़ा है। आज बांध का जल स्तर कल की तरह 313.28 आर एल मीटर हो गया है। वहीं अभी बांध में कुल भराव क्षमता 38.703 टी एम सी के मुकाबले 23.880 टी एम सी पानी है। त्रिवेणी 4.420 मीटर बह रही है।

## मुख्यमंत्री ने पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत शिविर का किया अवलोकन

# किसान, युवा, मजदूर, महिला का उत्थान हमारी प्राथमिकता : भजन लाल

**मुख्यमंत्री ने की बालेर-करणपुर सड़क निर्माण की घोषणा**

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के उत्थान से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। शर्मा गुरुवार को सवाई माधोपुर खण्डार उपखण्ड में बालेर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य है कि प्रशासन और जनता के बीच कोई खाई नहीं हो तथा कोई भी व्यक्ति विकास की मुख्य धारा से छूट ना जाए। उन्होंने कहा कि सवाई माधोपुर में इन शिविरों के माध्यम से अब तक सीमाज्ञान के 410, रास्तों के 228, आपसी सहमति से बंटवारे के 161 प्रकरणों का निस्तारण कर स्वामित्व के 689 कार्ड वितरित, 33 हजार 414 पौधों के वितरण सहित विभिन्न जनहित के कार्य किए गए।

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं उन्नयन के लिए काम कर रही है। खंडार विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए 350 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के शिवाड़ और बहरावण्डा खुर्द में 132 केवी जीएसएस की स्थापना, विभिन्न सड़कों का चौड़ाईकरण तथा बनास नदी रपट निर्माण सहित विभिन्न निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं। खंडार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नयन, राम जल सेतु परियोजना के तहत एनीकट निर्माण, पांचोलास से फलौदी सड़क मार्ग तथा आरसीसी कल्वर्ट ऑन कल्याणपुरा नाला विद अप्रोच सीसी रोड सहित विभिन्न निर्माण कार्य भी करवाए जाएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 10 करोड़ रुपए की लागत से बालेर-करणपुर सड़क का निर्माण कराने की भी घोषणा की। इस दौरान मुख्यंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी प्रवीण बैरवा (एनएफएसए), सरोज (कन्यादान योजना), सम्पत्ति देवी (वृद्धावस्था पेंशन), रामवीर मीना (स्वामित्व पट्टा) तथा श्रीमती मीना देवी (पीएम आवास योजना) को प्रमाण-पत्र एवं चैक वितरित किए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने समारोह परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभांवित किया गया। इस अवसर पर आमजन ने शिविर अपने प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। समारोह में खण्डार विधायक जितेन्द्र गोठवाल, संभागीय आयुक्त भरतपुर डॉ. टीना सोनी, महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश, मुख्य वन संरक्षक अनूप के.आर., जिला कलक्टर काना राम, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, पूर्व विधायक गंगापुर मानसिंह गुर्जर, खण्डार प्रधान नरेन्द्र चौधरी, उप वन संरक्षक एवं उपक्षेत्र निदेशक रामानंद भाकर, उप वन संरक्षक सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, लाभार्थी एवं आमजन उपस्थित रहे।

**युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के लिए कृत्संकल्पित**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए कृत्संकल्पित होकर कार्य कर रही है! शर्मा ने कहा कि हम युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के लिए कृत्संकल्पित हैं तथा 5 साल में 4 लाख सरकारी व 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रतिबद्धता जताई कि हमारी सरकार राज्य के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी।






# रणथंभौर में अनदेखी : वीवीआईपी के बेटे ने जंगल से उठाया हीरण का सींग, कराया फोटो शूट, लगाया सफारी के गेट पर ताला



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथम्भौर में पार्क भ्रमण के अंतिम दिन शाम की पारी में एक वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर प्रिया अग्रवाल अपने बेटे के साथ भ्रमण पर गई थी। इस दौरान जोन दो में भ्रमण के दौरान उनके बेटे ने हीरण के सींग उठाकर रख लिए और जंगल में गुढा चौकी के पास फोटो सेशन करवाया। जानकारी लगने पर वनविभाग ने इन्हें जब्त किया।

**बच्चे के साथ खुद ने गेट पर लगाया ताला**

गौरतलब है कि पार्क भ्रमण का 30 जून को अंतिम दिन था। इस दौरान शाम की पारी के बाद जोन के गेट पर उक्त महिला फोटोग्राफर्स ने वनकर्मी को साइड कर खुद बच्चे के साथ जोन के गेट का ताला लगाया। जबकि यह कार्य वनकर्मियों का है। इसके बाद बच्चे ने ही वनकर्मियों को चाबी लौटाई। इस संबंध में सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो रहा है।

**महिला वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर का विवादों से रहा है नाता**

महिला वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर प्रिया अग्रवाल का विवादों से नाता रहा है। पहले भी इनका मामला सामने आ चुका है। कई साल पहले वन विभाग के जोन दस में एक बाघिन के छोटे शावकों के साथ नजर आने पर उस इलाके में पर्यटन वाहनों के प्रवेश को बंद किया था। तब भी नियमों को ताक में रखकर इस महिला वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर ने बाघिन और छोटे शावकों का फोटो सेशन कर इन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था।

# भाजपाईयो ने गौसेवा के साथ मनाया प्रदेशाध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष का जन्मदिवस

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा क्षैत्र के भाजपाईयो ने प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ व भाजपा मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या का जन्म दिवस गौ सेवा के साथ मनाया। मालपुरा क्षैत्र के भाजपाई घाटी रोड स्थित श्री रामनारायण गौ शाला पहुंचे। यहां भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के जन्म दिवस के मौके पर गायो को चारा व गुड़ खिलाया। इस दौरान मौजुद भाजपाईयो ने भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या का जन्मोत्सव भी मनाया। इसके अन्तर्गत मंडल अध्यक्ष मेन्दवास्या का मालाऐं पहना कर व साफे बंधा तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर स्वागत सम्मान किया। इस दौरान कल्हैयालाल शर्मा, मनोहर सिंधी, मनीष जैन टोरड़ी सहित अन्य कई भाजपाई मौजुद रहे। इसके अलावा भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या का जन्म दिवस के मौके पर पालिकाध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी के निवास पर अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी के अलावा पूर्व पार्षद मनीष सोनी, रामकिशोर सोनी, सत्यनारायण सोनी, पालिका के प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट, पिंटू जैन, विमल जैन सहित अन्य कई लोग मौजुद रहे।

# सात व्यवसायिक भूखण्डो की निलामी से पालिका को हुई 5 करोड़ 60 लाख रूपये की रिकार्ड आय

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** नगरपालिका मालपुरा द्वारा मालपुरा जयपुर रोड पर वन विभाग की नर्सरी के आगे सात व्यवसायिक भूखण्डो की ई निलामी से 5 करोड़ 60 लाख रूपये की रिकार्ड आय हुई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पालिका के अधिशासी अधिकारी - उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के आदेशानुसार पालिका की आय बढ़ाने के उद्धेश्य से अतिक्रमण हटाए जाने का अभियान चलाया गया। इस अभियान में मालपुरा जयपुर रोड पर वन विभाग की नर्सरी के आगे भी अतिक्रमण हटवाए जाने के बाद मुक्त हुई जमीन पर व्यवसायिक भूखण्ड का नक्शा तैयार करवाया गया। उन्होंने बताया कि नक्शा बनाने के बाद पालिका प्रशासन ने प्रथम खेप में मौके पर पहले सात व्यवसायिक भूखण्डो की ई निलामी की गई। जिसमें पालिका को रिकार्ड आय प्राप्त हुई। जिसके बाद पालिका प्रशासन ने मौके पर सात व्यवसायिक भूखण्डो को ई निलामी के जरिए विक्रय गया। इस ई निलामी में लोगो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और खुल कर बोली लगाई। बीति देर शाम समाप्त हुई बोली के बाद बनी रिपोर्ट के अनुसार भ्रूखण्ड सं. 14 की 87 हजार , भूखण्ड संख्या 13 की 85 हजार रूपये, भूखण्ड संख्या 12 की95 हजार रूपये, भूखण्ड संख्या 11 की 96 हजार रूपये, भूखण्ड संख्या 10 की 89 हजार रूपये, भूखण्ड संख्या 9 की 91 हजार 500 तथा भूखण्ड संख्या 8 की 90 हजार रूपये प्रति वर्ग गज की बोली छूटी। उन्होंने बताया कि नगरपालिका मालपुरा को इन सात व्यवसायिक भूखण्डो की ई निलामी से पालिका को कुल 5 करोड़ 60 लाख रूपये की आय प्राप्त हुई। पिछले दिनो मौके पर सात व्यवसायिक भूखण्डो को पहले ही ई निलामी के माध्यम निलाम किए जा चुके हैं। उन्होंने अभी मौके पर ओर व्यवसायिक भूखण्डो की ई निलामी की कर पालिका की आय बढ़ाने के प्रयास किए जाएगें।



# रोडवेज : खाली दौड़ रही जयपुर से कैलादेवी जाने वाली एसी बस

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** आस्थाधाम कैलादेवी के लिए जयपुर डीलक्स डिपो से संचालित एसी रोडवेज बस सेवा यात्रियों की कमी से जूझ रही है। बस के संचालन को एक पखबाड़ा होने के बाद भी पर्याप्त यात्री भार नहीं मिल रहा है। वहीं लक्ष्य के मुताबिक आय नहीं मिलने इस मार्ग पर बस संचालन घाटे का सौदा साबित हो रहा है। ऐसे में दो दिन से एसी बस नहीं आ रही है। दरअसल राज्य की राजधानी से प्रदेश के आस्था धामों तक सुगम सफर के लिए रोडवेज ने 18 जून जयपुर-कैलादेवी के लिए एसी बस सेवा संचालित की हुई है। रोडवेज सूत्रों के अनुसार बस को निर्धारित लक्ष्य के मुताबिक यात्री भार नहीं मिल रहा है! स्थिति यह है कि महवा से कैलादेवी के बीच बस में चंद यात्री ही नजर आते है। हालांकि लौटने में शाम को हिण्डौन से जयपुर के लिए यात्री मिलते हैं। बीते महीनों सपोटरा-जयपुर के बीच शुरू की




गई रोडवेज की एसी बस को सपोटरा से गंगापुरसिटी मे यात्रियों के टोटे से जूझना पड़ रहा है। हालांकि गंगापुरसिटी से जयपुर तक का पर्याप्त यात्री भार मिल रहा है।

**बस का समय बदले तो ज्यादा लाभ**

शहर के लोगों का कहना है कि रोडवेज की एसी बस सुबह जयपुर से चलकर दोपहर बाद कैलादेवी पहुंची है। वहीं शाम को रवाना कर रात में जयपुर ठहरती है। जबकि जिले से सुबह जयपुर के लिए यात्री भार निकलता है व शाम को वापसी होती है। आरएसआरटीसी रिटायर्ड एम्प्लाइज यूनियन के सचिव पूरण शर्मा ने बताया कि एसी बस को शाम को जयपुर व सुबह कैलादेवी के संचालित किया जाए तो लोगों को लाभ मिलने के साथ पर्याप्त यात्री भारी मिलेगा। सपोटरा-जयपुर एसी बस को सुबह संचालित करने से यात्री भार मिल रहा है।

**इनका कहना**

**कैलादेवी मार्ग की बस को अभी अपेक्षित यात्री भार नहीं मिल रहा है। फिलहाल इपीकेएम की 35 रुपए के लक्ष्य की तुलना में 30 से कम है। यात्री भार बढने् के साथ इसमें भी इजाफा होगा। बस का नियमित संचालन हो रहा है।**

*- हेमेंद्र सिंह गहलोत, मुख्य प्रबंधक*

# मुख्यमंत्री के आश्वासन पर पुन : वापस शुरू हुआ मंडी व्यापार

**निवाई (का.स.)।** मुख्यमंत्री के आश्वासन पर राजस्थान खाद्य पदार्थ संघ के आह्वान पर मंडी व्यापार मंडल के व्यापारियों ने गुरूवार से कृषि उपज मंडी व्यापार पुन-शुरू कर दिया है। व्यापार मंडल के संरक्षक ताराचन्द बोहरा व राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि राजस्थान खाद्य पदार्थ संघ के आह्वान पर व्यापार मंडल के तत्वावधान में मंडी व्यापारियों द्वारा केकेएफ बढ़ाने की मांग को लेकर 5 दिन के लिए कृषि उपज मंडी व्यापार बंद रखने का निर्णय लिया था। उन्होंने बताया कि कृषि उपज मंडियों में शुरू हुई हड़ताल को लेकर देर शाम मुख्यमंत्री द्वारा शुल्क वृद्धि वापस लेने के आश्वासन के बाद मंडी व्यापारियों ने हडताल समाप्त कर दी। इससे पहले बुधवार की शाम को वन एवं पर्यावरण मंत्री के साथ राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता के नेतृत्व में मंडी व्यापारियों का दल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिला। जिस पर मुख्यमंत्री ने व्यापारियों को शुल्क वापसी का आश्वासन दिया। इसके चलते मंडी व्यापारियों ने हड़ताल वापस ले ली और गुरूवार से मंडी व्यापार को पुन-शुरू कर दिया। इस दौरान मंडी व्यापारियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट करके स्वागत किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश चंवरिया, शिवप्रकाश पारीक, संजयकुमार भाणजा, केदार खण्डेलवाल, सुशील गिन्दोडी़, योगेन्द्र कुमार, पारस जैन, दीपक गुप्ता, सुरेन्द्रकुमार बेनीलाल, ज्ञानचंद, कमल पहाडी, रामेश्वर चैधरी, राजेंद्र टोडवाल, अमित धामणी, शिवकुमार घीया, राजेंद्र चैधरी एवं विमल जैन सहित सभी सदस्य मौजूद थे।

# खुलासा : एमपी के बॉर्डर पर बाघों का शिकार

**रणथम्भौर के बाघ होने की आशंका, शिकारियों ने पूछताछ में उगला सच**

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** मध्य प्रदेश बॉर्डर पर बाघों के शिकार का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गौरतलब है कि स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स, शिवपुरी, श्योपुर और रणथम्भौर नेशनल पार्क की संयुक्त टीम ने गत दिनों सवाईमाधोपुर, श्योपुर और करहाल मार्ग पर घेराबंदी कर छह शिकारियों को गिरफ्तार किया था। शिकारियों ने पूछताछ में तीन तेंदुए और तीन बाघों का शिकार करना स्वीकार किया है। इसकी पुष्टि फॉरेंसिंक रिपोर्ट से भी हो चुकी है। ये बाघ रणथम्भौर के हैं या नहीं इसकी पुष्टि के लिए बाघों के अवशेषों को जांच के लिए नेशनल इंस्टिटयूट और बॉयोलोजिकल साइसेंज बेंगलूरु भेजा गया है।

**ये हुए हैं गिरफ्तार**

वन विभाग की संयुक्त टीम की कार्रवाई में आरोपी दौजी भील पुत्र शंकर भील निवासी दौसा, सुनीता भील पत्नी दौजी भील निवासी दौसा और आरोपी राजाराम मोगया निवासी टोंक हैं। इसके अलावा टीम ने बेस्ता भील निवासी करहाल, बनीराम मोग्या निवासी शिवपुरी, नरेश उर्फ कल्लू निवासी कोलारस शिवपुरी को भी गिरफ्तार किया था। ये सभी आरोपी वर्तमान में केन्द्रीय जेल शिवपुरी में बंद हैं।

**ये बाघ-बाघिन हैं लापता**

रणथम्भौर से अब तक कई बाघ-बाघिन इलाके की तलाश में रणथम्भौर से निकलकर एमपी के जंगलों में पहुंच चुके हैं। इनमें बाघ टी-38, टी-72, टी 132, टी-136 आदि कई बाघ-बाघिन हैं। वहीं, वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जून 2022 से मई 2024 के बीच करीब पांच बाघ-बाघिन लापता हैं। इनमें बाघिन टी-79, टी-131, टी-138,टी-139 व टी-2401 आदि शामिल हैं। रणथम्भौर से एमपी के कूनो और माधव नेशनल पार्क तक प्राकृतिक टाइगर कॉरिडोर है। रणथम्भौर से निकलकर कई बाघ-बाघिन एमपी के जंगलों की ओर आ जाते हैं। ऐसे में शिकार किए गए बाघ-बाघिन का संबंध रणथम्भौर से हो सकता है।

**रणथम्भौर से बाघ-बाघिन कूनो, माधव नेशनल पार्क की ओर जाते हैं**

शिकारियों के गिरोह में से दो दौसा और एक टोंक का है। वहीं, रणथम्भौर कूनो और माधव नेशनल पार्क के बीच में एक प्राकृतिक टाइगर कॉरिडोर है, जिससे होकर रणथम्भौर के बाघ-बाघिन कूनो, माधव नेशनल पार्क की ओर जाते हैं। इसी टाइगर कॉरिडोर पर शिकारियों के गिरोह ने बाघों का शिकार किया है। ऐसे में ये रणथम्भौर से एमपी की ओर निकलने वाले बाघ-बाघिन भी हो सकते हैं।

**-अजय दुबे, वन्यजीव विशेषज्ञ**



एमपी की टीम ने शिकारियों को पकड़ा है। हमारी टीम सहयोग के लिए रणथम्भौर से भेजी गई थी। एमपी की टीम ने ही शिकारियों की सूचना पर जानवरों की हड्डियां व कुछ अवशेष जब्त किए हैं। इन्हें जांच करवाने के लिए भेजा है। जहां से शिकारी पकड़े हैं। वहां एमपी और राजस्थान दोनों जगह के बाघ-बाघिनों का मूवमेंट रहता है। जांच के बाद ही बाघ-बाघिन के शिकार होने की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

**-अनूप के आर, सीसीएफ, रणथम्भौर बाघ परियोजना**

## भिवाडी मंशा चौक पर गौरव पथ में धंसा अण्डरलोड ट्रेलर



बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी( नि.स. )।** मंशा चौक भिवाड़ी के गौरव पथ पर एक ट्रेलर गुजरते समय धंस गई सड़क। जिससे ट्रेलर उसमें फंस गया। तीन हाईड्रा मशीन लगाकर ट्रेलर को बाहर निकाला गया। लोगों ने गौरव पथ निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग में लेने का आरोप लगाया। ट्रेलर चालक नरेश मीणा ने बताया कि वह अण्डरलोड माल भरकर भिवाड़ी से गुजरात जा रहा था। जैसे ही गौरव पथ के उपर से गुजरने लगा सड़क धंस गई और ट्रेलर के टायर भी उसमें धंस गये। बड़ी मुश्किल से तीन हाईड्रा मशीन लगाकर ट्रेलर को बाहर निकाला गया।

## राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया गया

बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी( नि.स. )।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया गया। जिसमें बोर्ड परीक्षा दसवीं व बारहवीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली 17 छात्राओं के साथ ही एन एम एम एस परीक्षा में चयनित 8 छात्राओं का भी सम्मान किया गया. एस डी एम सी व एस एम सी सदस्यों ने साफा व माला पहनाकर बालिकाओं का सम्मान किया. संस्था प्रधान नीलम यादव ने इनके अभिभावकों का भी साफा पहनाकर सम्मान करते हुए बताया कि बोर्ड परीक्षा में 100त्न परिणाम के साथ साथ गुणवत्ता पर भी ध्यान देते हुए समस्त विद्यालय स्टाफ साथी सत्र पर्यन्त मेहनत करते हैं, जिसमें अभिभावकों का सकारात्मक सहयोग रहता है. ये छात्राएं न केवल शैक्षिक क्षेत्र में बल्कि स्पोर्ट्स सहित अन्य सहशैक्षिक गतिविधियों में भी भाग लेकर जिला, राज्य, राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकी हैं. एस डी एम सी सदस्यों मनोज, नरेश जांगिड़ ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि बालिका टपूकड़ा वो विद्यालय है जिसमें छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है. टॉपर छात्रा सिमरन ने गुरुजनों के मार्गदर्शन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए छोटी बहनों को प्रेरित किया. इस अवसर पर भामाशाह हरिओम गुप्ता, पदम् मित्तल, अजय गुप्ता सहित अभिभावक गण, स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## राजसमंद में छाए बादल, आज भी बारिश के आसारः सर्वाधिक बारिश भीम क्षेत्र में



## 50 मिमी रिकार्ड की गई

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में गुरुवार सुबह से आसमान में बादल छाए हुए है, जिससे आज भी बारिश के आसार बने हुए है। मंगलवार की रात्रि को रुक रुक कर बारिश का दौर बुधवार सुबह तक चला और बुधवार सुबह करीब आधे घंटे तक बारिश हुई। इसके बाद बुधवार को दोपहर 2 बजे के करीब फिर से बारिश शुरू हुई, जो शाम तक रुक रुक कर चलती रही। हालांकि गुरुवार को सुबह बारिश नहीं हुई।जिले में कल शाम 4 बजे से आज सुबह 8 बजे तक सर्वाधिक बारिश भीम उपखण्ड क्षेत्रमें 50 मिमी दर्ज की गई। जबकि सबसे कम बारिश 9 मिमी केलवाड़ा में दर्ज की गई। इसके अलावा आमेट में 17 मिमी बारिश दर्ज की गई जबकि देलवाड़ा में 32 मिमी, देवगढ़ में 31 मिमी, गढ़बोर में 14 मिमी, केलवाड़ा में 9 मिमी, खमनोर में 21 मिमी, कुंवारिया में 23 मिमी नाथद्वारा में 30 मिमी, रेलमगरा में 36 मिमी, राजसमंद में 17 मिमी, सरदारगढ़ में 16 मिमी व गिलूण्ड में 47 मिमी बारिश दर्ज की गई।

## बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) अलवर ग्रामीण श्री यशार्थ शेखर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायत समिति उमरैण के सभागार में एक दिवसीय बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अनुपस्थित रहने वाले 6 कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस किया गया है। उन्होंने बताया कि बीएलओ-5 सेठ गणेशी लाल महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय चांदोली के पंचायत शिक्षक श्री राम कुमार, बीएलओ-17 रा.उ.प्रा.वि. झाडोली के प्रबोधक श्री भवानी शंकर, बीएलओ-23 आंगनबाडी केंद्र पहाडीबास कारोली की आंगनबाडी कार्यकर्ता श्रीमती मीना कुमारी, बीएलओ-24 रा.प्रा.वि. हयाता का बास के प्रबोधक श्री प्रेमचन्द, बीएलओ-26 रा.उ.प्रा.वि. जाजोरबास के शा.शि श्री कृष्ण कुमार एवं बीएलओ-42 रा.उ.मा.वि. भजेडा के शा.शि श्री उदयसिंह को प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर अपना जवाब प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया है। संतुष्टिपूर्ण जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर इनके खिलाफ निर्वाचन नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रस्ताव प्रेषित कर दिया जायेगा।

## विधायक शंकर सिंह रावत करेंगे श्री मांगट जी महाराज के दर्शन

**ब्यावर( विष्णु दत्त धीमान )।** नवमी के पावन अवसर पर क्षैत्रीय विधायक शंकर सिंह रावत 4 जुलाई 2025, शुक्रवार को मांगट जी महाराज की पहाड़ी पर दर्शन हेतु यात्रा करेंगे। यह यात्रा सेंदड़ा रोड स्थित विधायक कार्यालय से सुबह 10 बजे विधिवत रूप से शुभारंभ होगी। यात्रा में वाहनों का काफ़िला सेंदड़ा रोड से रवाना होकर दोपहर 2 बजे देवियों की कुई पहुंचेगा, जहां से पहाड़ी की चढ़ाई शुरू की जाएगी। यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु शामिल रहेंगे। इस अवसर पर जवाजा प्रधान गणपत सिंह रावत, पूर्व सभापति नरेश कनोजिया, पार्षदगण, सरपंचगण, जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यगण एवं अनेक भाजपा कार्यकर्ता विधायक श्री रावत के साथ रहेंगे। विधायक रावत मांगट महाराज के चरणों में क्षेत्र की शांति, समृद्धि व जनकल्याण की कामना करेंगे। यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह है और सभी कार्यकर्ताओं को इस धार्मिक यात्रा में सहभागी बनने हेतु आमंत्रित किया गया है।

# जिला कलक्टर ने किया रथयात्रा मार्ग व मेला स्थल का निरीक्षण,सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखने के अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ 4 जुलाई को जगन्नाथ मंदिर पुराना कटला से रूपबास तक निकाली जाने वाली जगन्नाथ महाराज की रथयात्रा के मार्ग व मेला स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्था का जयजा लिया। जिला कलक्टर ने रूपबास स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर के पास मेला ग्राउंड का निरीक्षण कर नगर निगम, विद्युत विभाग, पीडब्ल्यूडी, यूआईटी आदि विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मेला स्थल पर सभी व्यवस्थाएं सुचारू रहे। इसके लिए सभी व्यवस्थाओं को आज ही अंतिम रूप दिया जावे। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि मेला स्थल पर पर्याप्त संख्या में चल शौचालय व फायर ब्रिगेड की व्यवस्था के साथ साफ-सफाई के लिए पर्याप्त संख्या में टीमें कार्य करें। उन्होंने



निर्देश दिये कि यूआईटी से समन्वय कर अतिवृष्टि की स्थिति में मेला स्थल पर पानी भराव होने पर मड पम्प आदि से पानी की निकासी करावे। मेला स्थल पर मेडिकल टीम मय एम्बुलेंस निरन्तर अपनी सेवाएं देना सुनिश्चित करें तथा पब्लिक एड्रेसिंग सिस्टम की पुख्ता व्यवस्था रखे। मेला स्थल पर नियंत्रण कक्ष 24 घण्टे कार्यरत रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि मेले में सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री का उपयोग नहीं होवे इसके लिए दुकानदारों को पाबंद करें। साथ ही सभी दुकानदारों को कचरा पात्र अनिवार्य रूप से रखने के लिए भी पाबंद करें।

उन्होंने भगवान जगन्नाथ रथयात्रा मार्ग का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि इस मार्ग पर किसी प्रकार का अवरोध नहीं रहे। उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि रथयात्रा मार्ग में आने वाले विद्युत तारों को उचित दूरी पर करवाए ताकि रथयात्रा सुगमता से निकल सके। साथ ही ट्रांसफार्मरों की सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित कर लेवे। उन्होंने पुराना कटला स्थित भगवान जगन्नाथ जी मंदिर के आसपास का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी रथ यात्रा व मेले के संबंध में सौंपे गए दायित्वों को कार्ययोजना बनाकर पूरा करें।

### जिला कलक्टर ने मेले की सुचारू व्यवस्था में सहयोग हेतु आमजन से की अपील

जिला कलक्टर ने बताया कि मेले व रथयात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा मेले की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी प्रकार के पुख्ता इंतजाम किए हैं। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा की गई व्यवस्थाओं में श्रद्धालु सहयोग करें। उन्होंने कहा है कि मेले में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें। मेले की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए तैनात पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देशों की पालना करें।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रियंका, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर, जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता श्री सुधीर पाण्डे, नगर विकास न्यास के अधिशासी अभियन्ता कुमार संभव अवस्थी, पीडब्ल्यूडी की अधिशासी अभियन्ता अल्का व्यास, तहसीलदार श्रीमती रश्मि शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस और इंडी गठबंधन का संविधान पर हमला, शरिया कानून लागू करने की साजिश : माहेश्वरी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन के दल खुले तौर पर देश के संविधान को खत्म कर शरिया कानून लागू करना चाहते हैं। विधायक जनसुनवाई केंद्र पर क्षेत्रवासियों से संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में कोई भी व्यक्ति संविधान का अपमान करने या उसे नष्ट करने की बात कैसे कर सकता है? यह तथाकथित महाठगबंधन संविधान विरोधी मानसिकता से प्रेरित है। माहेश्वरी ने कहा कि लालू यादव ने भारत रत्न डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के प्रति जो अनादर दिखाया, उसके लिए उन्होंने आज तक माफी नहीं मांगी। इनका एजेंडा स्पष्ट है, वे भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर शरिया कानून लागू करना चाहते हैं। जन संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और उन्होंने विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण



समस्याएं एवं मांगें विधायक के समक्ष रखीं। इनमें सनवाड़ ग्राम में श्मशान घाट मार्ग चौड़ा करना एवं सडक् निर्माण, मोहन नगर में सीसी रोड, लखारा का बंदा में नाली निर्माण, भवानी माता रोड पर रेलिंग, धर्मवतो की रहट एवं पड़ासलीवासियों द्वारा सामुदायिक भवन, दौलतपूरा और बामनटुकड़ा में सामुदायिक भवन, खड़ बामनिया में टिन शेड, राजसमंद वार्ड 5 में सडक् और नाला निर्माण, एमडी क्षेत्र में वीर भानजी का खेड़ा की रोड चौड़ीकरण व पेयजल समस्या, स्टेडियम निर्माण, नवलपूरा में विद्यालय में कक्षा कक्ष निर्माण व पेयजल समस्या, पीपली आचार्यन में बनास नदी पर काजवे व खेम सागर की पाल निर्माण जैसे विषय प्रमुख रूप से शामिल रहे। विधायक दीप्ति ने सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जनता के सुझाव और अभिमत क्षेत्र के विकास की दिशा तय करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जन संवाद के माध्यम से वे न केवल जनता की वास्तविक समस्याओं को समझती हैं बल्कि सरकार की योजनाओं और अधिकारियों की कार्यशैली पर भी जनता की राय लेकर आवश्यक सुधार के प्रयास करती हैं। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा राजसमंद के विकास के लिए हर सुझाव का स्वागत और हर समस्या के समाधान का प्रयास हमारा संकल्प है। इस दौरान प्रधान अरविन्द सिंह राठौड़, लालूराम पूर्बीया, कालूसिंह राठौड़, सांगठ उपसरपंच भेरूलाल जोशी, एमड़ी सरपंच मांगीलाल सालवी, भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश कुमावत, पड़ासली पूर्व सरपंच मोहनसिंह, महेश आचार्य, प्यारेलाल तेली, श्यामलाल कुमावत, देवीलाल कुमावत, नारायण कुमावत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## भामाशाह ने मंथन स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों के लिए फर्नीचर भेंट किया

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** मंथन फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित मंथन स्पेशल स्कूल व थैरेपी सेंटर में गुरुवार को भामाशाहों



द्वारा फर्नीचर भेंट किया गया। मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मोनिका शर्मा व अजय कालिया द्वारा संस्था भ्रमण किया गया तथा सुचारू संचालन हेतु एक अलमारी भेंट की गई। साथ ही बच्चों को फल व जूस वितरित किए गए। मंथन द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया। इसी कड़ी में जय श्रीश्याम मासिक सेवा समिति रोहिणी, नई दिल्ली द्वारा एक बुक शेल्फ व सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु स्पीकर भेंट किया गया।

## दुर्लभ सत्संग समिति के तत्वाधान में 24 जुलाई से होने वाले कार्यक्रम हेतु गणेश जी को निमंत्रण दिया गया

बढ़ता राजस्थान

क्क दुर्लभ सत्संग समिति के तत्वाधान में 24 जुलाई से 30 जुलाई तक होने वाले भजन संकीर्तन एवं प्रवचन के सफ्ल आयोजन हेतु आज गणेशजी को निमंत्रण दिया गया। इस कार्यक्रम में विलक्षण संत परम श्रद्धेय विजयानंद जी गिरी ;ऋषिकेशद्धअपनी विलक्षण वाणी से प्रवचन



का लाभ अलवर वासियों को देंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 24 जुलाई को प्रात 8 बजे ध्वज एवं कलश यात्रा से जगन्नाथ जी के मंदिर से कार्यक्रम स्थल रिवाज रिसोर्ट तक होगी। उसी दिन से दोपहर 3रू30 से 4रू30 तक भजन संकीर्तन, उसके बाद 4:30 से 6:30 तक प्रवचन, फ्रि आरती के बाद प्रसाद वितरण से समापन होगी। आज गणेश जी के न्योते के समय समिति के प्रवक्ता अशोक मेठी के अलावा संजीव गुप्ता,सुभाष जोशी, सुभाष घीया, अशोक सैनी, डॉ के के गुप्ता, शशि भूषण, राधे लाल, राम चन्द्र, सुशील, राजेन्द्र, रघु मेठी, अनिल, श्री कृष्ण गुप्ता,मेहर चंद, राकेश, कैलाश,श्याम खण्डेलवाल, रमेश घीया,डी पी गुप्ताए,श्याम मेहरवाल,रजनी,सावित्री, मीनू, कुसुम जोशी, स्नेहा, मीरा, चंद्र कांता आदि अनेक साधकों ने भाग लिया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 4 जुलाई को तिजारा के असलीमपुर ग्राम पंचायत बिरामपुर में आयोजित शिविर का करेंगे निरिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल तिजारा ( नि.स. )।** राजस्थान मुख्यमंत्रीभजनलाल शर्मा 4 जुलाई 2025 (शुक्रवार) को तिजारा उपखंड के असलीमपुर, ग्राम पंचायत बिरामपुर का दौरा करेंगे। यह दौरा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित जनसेवा शिविर के निरीक्षण हेतु निर्धारित है। मुख्यमंत्री का आगमन कार्यक्रम स्थल पर दोपहर 12.00 बजे निर्धारित है। इस अवसर पर वे शिविर कि सभी विभागीय स्टॉलों एवं योजनाओं का अवलोकन करेंगे ।

# देवगढ़ में दुकानदारों और राहगीरों को किया जागरूकः नो प्लास्टिक का संदेश देते हुए लोगों को कपड़े के थैले बांटे

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद के देवगढ़ कस्बे में प्लास्टिक के खिलाफ जनचेतना प्रदर्शन किया गया। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अभियान के तहत अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर नगर पालिका देवगढ़ और कॅरियर संस्थान राजसमंद के संयुक्त तत्वावधान में जन-जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों से आमजन को जानकारी देना व पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामाजिक




जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता रैली से हुई जहां महिलाएं और बालिकाएं शामिल हुई। रैली नगर के बापू नगर, हॉस्पिटल रोड, भवानी वाटिका क्षेत्र में आयोजित हुई। रैली में प्लास्टिक हटाओ धरती बचाओ, थैला अपनाओ प्रकृति बचाओ, नारे लगाए गए।इस दौरान बालिकाओं ने अपने हाथों में बैनर पोस्टर, बैनर और कपड़े के बैग ले रखे थे। रैली के बाद प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर 200 पर्यावरण मित्र कपड़े के थैले निशुल्क वितरित किए गए।

# राजस्थान के सिंह द्वार अलवर में बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच चातुर्मास स्थापना हेतु उपाध्याय श्री संसंघ का हुआ भव्य मंगल प्रवेश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** परम पूज्य अभीक्षण ज्ञानोपयोगी राष्ट्र हितैषी संत आचार्य 108 श्री वसुनंदी जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य उपाध्याय 108 श्री विज्ञानंद जी मुनि, श्री पुण्यानंद जी, मुनि श्री धैर्यनंद जी महाराज का गुरूवार को चातुर्मास हेतु मंगल प्रवेश प्रातः 7:30 पर श्री आदिनाथ जैन मंदिर से प्रारंभ होकर चर्च रोड, पंसारी बाजार, घंटाघर,होप सर्कस,बजाज बाजार, त्रिपोलिया होते हुए मुंशी बाजार स्थित श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में पहुंचा। श्री णमोकार उपासना वर्षायोग समिति के संयोजक पवन जैन (चौधरी) ने बताया कि मंगल प्रवेश के द यान जैन समाज के पढ़ने वाले प्रतिष्ठानों के आगे



समाज जनों ने उपाध्याय श्री के पाद प्रक्षालन किए गए । मंदिर के अध्यक्ष राजेंद्र जैन एवं मंत्री रविंद्र जैन के अनुसार जुलूस में बैंड बाजे के साथ लवाजमा, सैकड़ो जिन धर्म के झंडों के साथ श्री जैन युवा फेडरेशन की भजन मंडली और जैन समाज के सुप्रसिद्ध गायक अभिषेक जैन खेड़ली ने सुन्दर भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे रास्ते में जुलूस को भक्ति में बनाकर रखा। वर्षायोग की भव्यता इस बात से ही नजर आ रही थी कि पूरे जुलूस में स्त्री पुरुष बड़े ही मनमोहक भजनों पर नृत्य करते हुए उपाध्याय श्री की अगवानी कर रहे थे। जुलूस के रास्ते में सैकड़ो तोरण द्वारा बनाए गए। जुलूस के मध्य पड़े श्री नंदीश्वरदीप जैन मंदिर ए श्री खंडेलवाल जैन पंचायती मंदिर एवं श्री पदम प्रभु अग्रवाल दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में उपाध्याय श्री ने प्रभु के दर्शन किए एवं वर्षायोग चातुर्मास स्थल श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर पहुचे स पहुंच कर कार्यक्रम की शुरुआत झंडारोहण श्री विजय जैन सरिता जैन से की गई। उसके पश्चात आचार्य श्री विद्यासागर एवं आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज का चित्र अनावरण सुरेश जैन श्रीमती मंजू जैन ने किया, दीप प्रज्वलन सुमत जैन अभिषेक जैन, महाराज श्री को शास्त्र भेंट अशोक जैन अंकुर जैन के द्वारा किए गए उपाध्याय श्री के पाद प्रक्षालन का मधु पवन जैन (चौधरी) परिवार की ओर से किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रतिष्ठाचार्य आलोक जी शास्त्री बड़ा मल्हारा ने किया।

वर्षायोग समिति के सहसंयोजक दीवान सतीश जैन एवं कोषाध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि जुलूस में सकल जैन समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे जिसमें राजेंद्र जैन अध्यक्ष श्री चंदप्रभु दिगंबर जैन मंदिर, मुकेश जैन अध्यक्ष अग्रवाल पंचायती मंदिर,प्रवीण जैन अध्यक्ष खंडेलवाल जैन पंचायती मंदिर, नरेश जैन उपाध्यक्ष श्री बड़तला पंचायत ए पी के जैन अध्यक्ष श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, एवं समाज के सैकड़ो की तादाद में वरिष्ठि जन एवं श्रावक मौजूद रहे।

# कोटा में दिनदहाड़े लूटः ज्वेलर्स कर्मचारी से 900 ग्राम सोना लूटा, बदमाश सीसीटीवी में कैद

## रजत मार्केट ले जाते समय साइमन प्लाजा के पास वारदात, चाकू की नोक पर पांच बदमाशों ने दिया लूट को अंजाम, स्कूटी समेत फरार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा में भरे बाजार एक ज्वेलर्स कर्मचारी के साथ करीब 1 किलो सोना लूटने की वारदात हो गई। ज्वेलर्स का कर्मचारी ज्वेलर्स की दूसरी दुकान जोकि स्वर्ण रजत मार्केट मेहे वहां पर गोल्ड ज्यूलेरी वापस देने जा रहा था । इसी दौरान साइमन प्लाजा सब्जी मंडी के पास बाइक सवार पांच बदमाशों में चाकू की नोक पर बाइक सहित सोना लूटने की वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। कर्मचारी महेश ने बताया की वह इलेक्ट्रिक स्कूटर से स्वर्ण रजत मार्केट जा रहा था साइमन प्लाजा के पास दो लोगो ने उसकी स्कूटी के हैंडल पर धक्का मारा जिससे वह गिर गया, उसके बाद उन्होंने झगडा चालू कर दिया। दो मोटरसाइकिलों के ऊपर सवार आए चोरों की संख्या 5 थी। एक ने चाकू निकाल लिया यह झगडा देख बीच बचाव मे आस पास के लोग आये। लेकिन तब तक एक



व्यक्ति मेरी स्कूटी लेकर भाग गया बाकी चारो भी फरार हो गये। लूट की वारदात मे स्कूटी की डिग्गी में करीब 900 ग्राम सोना बताया जा रहा है। लूटे गए सोने की कीमत 90लाख से 1 करोड़ के बीच बताई जा रही है।फिलहाल कैथूनीपोल थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

होल सेल व्यापार महासंघ संभाग अध्यक्ष पंकज बागड़ी ने बताया कि व्यापारियों का फ़ोन आया जिसमे इन्द्रा मार्केट कमल ज्वेलर्स के कर्मचारी महेंद्र के साथ शाम छह बजे के लगभग नौ सौ ग्राम सोने के आभूषणों की लूट की वारदात का होना बताया गया है। जिसके बाद संभाग अध्यक्ष पंकज बागड़ी एवं पुरानी सब्ज़ी मंडी व्यापार संघ अध्यक्ष पवन दुआ शीघ्र व्यापारी की दुकान पर पहुँचे एवं उनके साथ केथुनीपोल थाना पहुँच कर रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### अधिक वजन के आभूषणों की डिजाइन मांगी

व्यापारी ने शक जताया की एक लड़का और एक लड़की उनकी दुकान पर कड़े अंगूठी वग़ैरह हेवीवेट में देखने पहुँचे थे। जिसकी वजह से व्यापारी कमल ज्वेलर्स ने उनकी दूसरी दुकान स्वर्ण रजत मार्केट में हैं वहाँ से वह ज्वेलरी मंगाई ये जो लड़का लड़की आए थे इन्होंने बिना नंबर की स्कूटी पर आए थे । दुकानदार ने बताया की उन्होने 5 हज़ार रुपया अग्रिम तौर पर देकर बोला कि हम इनको बाद मे आकर ले जाएंगे। अभी आप वापस भेज दो इस पर कमल ज्वेलर्स के कर्मचारी महेंद्र जिसकी उम्र लगभग 35 साल है द्वारा स्कूटी पर यह ज्वेलरी वापस अपनी दूसरी दुकान पर देने जा रहा था।

### सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियो के बताए हुलिये के आधार पर नाकाबंदी व जांच में जुटी है पुलिस

लड़का लड़की के फ़ोटो सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गए हैं जिनके सीसीटीवी फ़ुटेज पुलिस को उपलब्ध करा दिया है उपलब्ध करा दिए गए हैं जिनके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने कार्रवाई करते हुए मक़बरा थाना प्रभारी लइक अहमद को भी कितनी पल थान ए भेज कर मामले को निर्देश दिया ।

कई जगह दबिश पुलिस के हाथ खाली गुरुवार तक खबर लिखे जाने तक पुलिस को कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। हालांकि बुधवार की रात भी पुलिस ने नदी पार क्षेत्र में संदिग्धों के परिजनों से पूछताछ की है । लेकिन अभी भी पुलिस के हाथ खाली है।

# मनीष मेहता किराड़ विकास समिति युवा इकाई के अध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** श्री कल्याणराय जी क्षत्रिय किराड़ विकास समिति कोटा महानगर के अध्यक्ष गोविंद मेहता ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए मनीष मेहता को युवा इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। मनीष मेहता ने बताया कि जल्दी ही युवा इकाई की कार्यकारिणी घोषित की जाएगी। समाज के विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से युवाओं की भागीदारी बढ़ाई जाएगी। उनकी नियुक्ति पर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामविलास मेहता, जेडआरयूसीसी सदस्य आशीष मेहता, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश मेहता, शिशुपाल मेहता, रामगोपाल मेहता, मथुरालाल मेहता ने हर्ष व्यक्त किया है।

# बिहार से डॉक्टर बनने आया छात्र बना कोटा का सबसे बड़ा फ़ूड ब्लॉगर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा में लाखों स्टूडेंट्स इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी करने आते हैं। इनमें 9प्रतिशत स्टूडेंट्स सफल हो पाते हैं। बड़े संस्थानों में एडमिशन नहीं होने पर कई स्टूडेंट्स में तनाव में गलत कदम उठा लेते हैं। इसके इतर, ऐसे उदाहरण हैं जो इंजीनियर डॉक्टर भभले ही नहीं बन सके, लेकिन तनाव नहीं लिया। अब अन्य क्षेत्र में बेहतर कर रहे हैं। पढ़िए ऐसे युवा की कहानी।



दीक्षित सिंह, बिहार के मधेपुरा से आते हैं, 3-4 साल पहले कोटा मेडिकल की पढ़ाई करने आये थे। पढ़ाई के साथ साथ खाने के शौक़ीन दीक्षित ने अपना एक चैनल सोशल मीडिया पर स्टार्ट किया देसी फ़ूड के नाम से, आज लाखों लोग दीक्षित के इस चैनल से जुड़े हुए हैं। इस चैनल के माध्यम से दीक्षित हर प्रकार के फ़ूड को रिव्यू करते हैं। और कोटा के विभिन्न रेस्टोरेंट तक जा जाकर उनके फ़ोटोज़ और वीडियो लोगों तक पहुँचाते हैं। दीक्षित कई विज्ञापनों से लाखों रुपये महीने के कमा भी लेते हैं। इंजीनियरिंग और मेडिकल के अलावा ब्लॉगिंग भी एक अच्छा कैरियर हो सकता है ये दीक्षित ने साबित किया है।

# कोटा बनेगा पर्यटन का नया केंद्र - ट्रैवल मार्ट के आयोजन होंगे

## कोटा में ट्रैवल मार्ट का भव्य आयोजन - हाड़ौती को पर्यटन नगरी के रूप में नई पहचान देने की पहल

बढ़ता राजस्थान

कोटा, (दामोदर सिंह)। राजस्थान के हाड़ौती अंचल को पर्यटन मानचित्र पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान, कोटा डिवीजन द्वारा कोटा ट्रैवल मार्ट के आयोजन की घोषणा की गई है जो अगले साल जनवरी माह में प्रस्तावित है, जिसमें देश-विदेश के टूर ऑपरेटर, यूट्यूबर, ब्लॉगर, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, हॉटेलियर और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि भाग लेंगे।

यह घोषणा होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान, संरक्षक सुरेंद्र सिंह शाहपुरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणविजय सिंह और कोटा डिवीजन अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने पत्रकार वार्ता के दौरान की गई। महासचिव संदीप पाड़िया ने भी आयोजन की विस्तृत जानकारी साझा की।क्रैट के जिला अध्यक्ष अनिल मुंदड़ा,लघु उद्योग भारती के




अध्यक्ष अंकुर गुप्ता,हरित भारत से जितेन्द्र गोयल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। राज्य सरकार से ट्रेवल मार्ट को हरी झण्डी मिलने के बाद होटल फेडरेशन आयोजन के लिए गतिविधियां तेज कर दी है।

अशोक माहेश्वरी ने बताया कि कोटा, बूंदी, झालावाड़, बारां सहित हाड़ौती क्षेत्र धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। कोटा में मुकुंदरा अभयारण्य, गणेश जी मंदिर, गढ़ पैलेस, सिटी पार्क, सप्तवर्णी नदी सफारी जैसे अनेक आकर्षण हैं। वहीं, बूंदी का गढ़ महल, 84 खंभों की छतरी, चित्रशाला, नवल सागर जैसे धरोहर स्थल, बारां का सीताबाड़ी मेला, शरनाथ अभयारण्य, और झालावाड़ के गागरोन किला, झालरापाटन मंदिर, चंद्रभागा नदी घाट क्षेत्र को पर्यटक केंद्र के रूप में विकसित करने की विशाल संभावनाएं हैं।

हुसैन खान अध्यक्ष फेडरेशन ने बताया कि कोटा ट्रैवल मार्ट, अब तक केवल जयपुर में आयोजित होने वाले आयोजनों की तर्ज पर, राज्य सरकार के सहयोग से पहली बार कोटा में किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य हाड़ौती क्षेत्र में पर्यटन से जुड़ी संभावनाओं को धरातल पर उतारते हुए स्थानीय रोजगार, कुटीर उद्योग, होटल व्यवसाय, शिल्प और लोक संस्कृति को एक नई दिशा देना है।

### होटल उद्योग जगत की सकारात्मक प्रतिक्रिया

होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान ने इस घोषणा को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा, हाड़ौती में उत्कृष्ट पर्यटन स्थलों की भरमार है, लेकिन रखरखाव एवं प्रचार-प्रसार के अभाव में यह क्षेत्र पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र नहीं बन पाया है, जबकि यहां बेहतरीन कनेक्टिविटी एवं मजबूत अवसंरचना मौजूद है।

कोटा डिवीजन के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने विश्वास दिलाया कि कोटा में आयोजित होने वाला ट्रेवल मार्ट राज्य के अन्य ट्रेवल मार्ट से कहीं अधिक भव्य और नवाचार से भरपूर होगा।

### कोटा में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं

महासचिव संदीप पाड़िया,कोटा में पर्यटन और औद्योगिक विकास की व्यापक संभावनाएं हैं, जिन्हें दिशा देने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोटा ट्रैवल मार्ट जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं स्वीकृत हुईं, जो आने वाले समय में शहर के विकास का मील का पत्थर बनेंगी।

उन्होंने कोटा महोत्सव की सफलता को कोटा वासियों के सहयोग का प्रतिफल बताया और कहा कि यह आयोजन शहर को एक नई पहचान दिलाने में सहायक रहा है। चंबल नदी में क्रूज़, सिटी पार्क, सेवेन वंडर्स, मथुराधीश मंदिर, खड़े गणेश मंदिर, चंबल रिवर फ्रंट और दो अभयारण्यों सहित अनेक दर्शनीय स्थलों की मौजूदगी कोटा को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र बनाने की ओर ले जा रही है।

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर भागवत कथा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** श्री रामधाम सेवा आश्रम ट्रस्ट द्वारा गुरू पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाएगा। गुरूवार को पत्रकार वार्ता के दौरान बड़ा भक्तमाल अयोध्याजी के पीठाधीश्वर एवं श्री रामधाम सेवा आश्रम के संस्थापक श्री अवधेश कुमाराचार्य जी महाराज ने बताया कि गुरू पूर्णिमा महोत्सव के अन्तर्गत आश्रम पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का गुरूवार से भव्य शुभारंभ हुआ। कथा में कथा व्यास डॉ. राजेश जी मिश्रा द्वारा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक भागवत कथा का गुणगान किया जाएगा। इस दौरान गणमान्य प्रबुद्धजनों द्वारा कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की श्रृंखला में आज शुक्रवार को भक्तमाल वेद विद्यालय के बटुकों का यज्ञोपवित संस्कार होगा। जिसमें सुबह 6 बजे भद्र, सुबह 8 बजे जनेउ संस्कार और हवन के तत्पश्चात सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे से यज्ञोपवीत संस्कार होगा। यज्ञोपवती संस्कार में बटुकों को उनके परिजनों माता-पिता, मामा, नाना-नानी आदि आर्शीवाद प्रदान करेंगे।कार्यक्रम के तहत चार जुलाई को भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सात जुलाई सोमवार को गोवर्धन पूजन, 8 जुलाई मंगलवार को रूकमणी विवाह, 9 जुलाई को सुदामा चरित्र एवं कथा विश्राम होगा। एवं 10 जुलाई को गुरू पूजन एवं विशाल आम भण्डारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। रामधाम सेवा आश्रम ट्रस्ट के मुख्य पुजारी श्री लक्ष्मणदास जी महाराज ने बताया कि इस मौके पर प्रतिदिन महाराज के नित्य दर्शन व आर्शीवचन प्राप्त होंगे।



# एक शिविर, कई समाधानः सरलता से मिला हक, सरकार बनी सहारा

## प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ कोर्ट-कचहरी के चक्क र से मुक्ति



बढ़ता राजस्थान

कोटा, (का.स.)। पारदर्शिता व सहजता से देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत गुरुवार को आयोजित शिविरों में ग्रामीणों को वर्षों से लंबित समस्याओं से राहत मिली। न कहीं भटकना पड़ा, न ही कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने पड़े। शिविर में ही समाधान मिला, और वो भी सभी पक्षों की सहमति के साथ।

### जमीन विवाद नहीं बना झंझट, बनी समझदारी की मिसाल

ग्राम रांवठा के उत्तम कुमार, कंचनबाई सहित कुल 21 कोली जाति के खातेदार वर्षों से 200 बीघा (लगभग 31.99 हैक्टेयर) भूमि के संयुक्त खातेदार थे, जो पीढ़ी दर पीढ़ी चला आ रहा था। जमीन का बंटवारा एक चुनौती भरा, खर्चीला और समय लेने वाला कार्य था। खंड विकास अधिकारी श्री शैलेश रंजन ने बताया कि इस प्रकरण में मण्डाना उपतहसील की राजस्व टीम पटवारी हल्का भँवरिया, भू अभिलेख निरीक्षक काल्याखेड़ी और नायब तहसीलदार मण्डाना ने मौके पर ही सभी खातेदारों को समझाइश दी। सभी 21 खातेदारों ने सहमति दी और शिविर में ही बंटवारा आदेश जारी कर दिया गया। सभी खातेदारों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पुराना घर, नई पहचान – बोरिनाखुर्द में मिला मकान का हक

ग्राम पंचायत बोरीना कला के चंद्रप्रकाश बैरवा, जिनका पुश्तैनी मकान ग्राम बोरिनाखुर्द में है, कई वर्षों से पट्टे के लिए प्रयासरत थे। पारिवारिक मतभेद और प्रक्रिया की पेचीदगियों के कारण उन्हें बार-बार निराशा मिली। लेकिन गुरुवार, पंचायत समिति सांगोद के बोरिनाखुर्द शिविर में उन्होंने पुनः आवेदन प्रस्तुत किया। शिविर प्रभारी श्री कुशलेश्वर सिंह, प्रधान श्री जयवीर सिंह, और प्रशासक श्री सुरेश कुमार मेहता ने हस्तक्षेप कर परिजनों और पड़ोसियों से सहमति दिलाई। मौके पर ही उन्हें पट्टा जारी कर दिया गया। भावुक चंद्रप्रकाश ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा सहित समस्त प्रशासनिक टीम का आभार प्रकट किया।

# रेलवे मे सीमेंट परिवहन मे क्रांतिकारी होगा कंटेनर द्वारा भराई

बढ़ता राजस्थान

कोटा (विनोद गौड़)। कंटेनरों में सीमेंट लोड करने की सुविधा के साथ बल्क सीमेंट मूवमेंट ने एक नए युग में प्रवेश किया है। कॉनकॉर ने थोक सीमेंट को बैग के स्थान पर लूज (खुली) में परिवहन की सुविधा के लिए पहली बार विशेष टैंक कंटेनर उपलब्ध करवा कर भारत में सीमेंट लॉजिस्टिक्स को बदलने में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है।

आंध्र प्रदेश के मेलचेरुवु में माई होम सीमेंट साइडिंग (एमएमएचएम) से बैंगलोर में कॉनकॉर आईसीडी व्हाइटफील्ड तक इन विशेष टैंक कंटेनरों की वास्तविक समय की आवाजाही सफलतापूर्वक शुरू हो गई है। यह पहल भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को अभिनव और टिकाऊ लॉजिस्टिक्स समाधान



प्रदान करने के लिए भारतीय रेलवे के निरंतर प्रयासों में एक और मील का पत्थर है।

इन टैंक कंटेनरों को रेल नेटवर्क के माध्यम से सीमेंट के कुशल, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल मूवमेंट को सक्षम करके सीमेंट उद्योग का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे पारंपरिक बैग वाले परिवहन पर निर्भरता काफी कम हो जाती है। यह न केवल सीमेंट कंपनियों की परिचालन दक्षता को बढ़ाता है बल्कि भारत के हरित और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देने के लक्ष्य के अनुरूप भी है। अपनी मजबूत अवसंरचना और बहुविध क्षमताओं का लाभ उठाकर, कॉनकॉर उद्योगों को अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स समाधानों से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो लागत प्रभावी और पर्यावरण के लिए जिम्मेदार हैं।

## त्यौहारों पर सौहार्द कायम रखने में सहयोग की अपील

# सभी को साथ लेकर कोटा जिले को बनाएंगे बेहतर-कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया ने कहा कि आगामी त्यौहारों के दौरान जिले में सभी वर्ग एवं समुदाय आपसी भाईचारा कायम कर सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने सौहार्दपूर्ण माहौल कायम रखने में सभी धर्मगुरुओं, सामाजिक-धार्मिक संगठनों, समाजसेवियों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों से सहयोग की अपील की। जिला कलक्टर गुरूवार को कलेक्ट्रेट स्थित न्यू सभागार में कोटा जिले के विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी धर्म-सम्प्रदाय एवं वर्गों के सहयोग से विभिन्न त्यौहारों का सफल आयोजन हो, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सभी समुदाय एवं वर्गों को साथ लेकर कोटा जिले को और बेहतर बनाने की दिशा में आगे कदम बढ़ाए जाएंगे।

### ताजियों के रूट की व्यवस्थाएं चेक करें

समारिया ने त्यौहारों को देखते हुए नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मोहर्रम के ताजिए निकलने वाले रूट की विजिट कर समस्त व्यवस्थाओं की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखते हुए किसी भड़काऊ पोस्ट पर संज्ञान लेने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम को ताजियों के रूट पर कचरे एवं नालियों की सफाई तथा मेनहॉल ढकने के निर्देश दिए। साथ ही, आवारा पशुओं को भी हटाने के निर्देश दिए।

### झूलते तारों को ठीक किया जाए

जिला कलक्टर ने मानसून के दौरान हुई भारी वर्षा को देखते हुए अपील की कि सभी सतर्कता एवं सावधानी बरतें। उफनते हुए नालों एवं पानी के तेज बहाव में नहीं जाएं। उन्होंने आपदा प्रबंधन एवं नगर निगम अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों के लिए पूरी तैयारियां रखने के निर्देश दिए। केईडीएल अधिकारियों को झूलते तारों को सही करने एवं ताजियों के रूट पर विजिट कर ट्रांसफॉर्मर एवं अन्य पॉइन्ट्स चेक करने के निर्देश दिए।



### सोशल मीडिया पर विशेष सावधानी रखें

बैठक में कोटा शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने सोशल मीडिया पर विशेष सावधानी एवं सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने सोशल मीडिया पर किए जाने वाले दुष्प्रचार की निगरानी में सभी का सहयोग मांगा। उन्होंने अपील की कि साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने वाली सोशल मीडिया पोस्ट संज्ञान में आते ही तुरंत डिलीट करवाकर समाज के गणमान्य लोग उसका खंडन करें ताकि ऐसी पोस्ट आगे प्रसारित होने पर उसकी सच्चाई लोगों के सामने आ सके एवं लोग भ्रमित न हों। उन्होंने अपील की कि त्यौहार एवं धार्मिक आयोजनों के समय माहौल बिगाड़ने के किसी भी प्रयास को विफल करते हुए विभिन्न धर्म एवं समाजों के प्रभावी लोग पहल कर शांति एवं सौहार्द कायम रखें।

पुलिस अधीक्षक शहर ने चंबल नदी का बढ़ा हुआ जल स्तर देखते हुए ताजिए ठंडे किए जाने वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा नाव एवं अन्य राहत व बचाव उपकरणों की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों से पानी के तेज बहाव वाले स्थानों पर नहीं जाने की अपील की।

बैठक में विभिन्न धर्म गुरुओं ने त्यौहारों के दौरान भाईचारा एवं सौहार्द कायम करने में जिला प्रशासन एवं पुलिस को पूरी तरह से सहयोग प्रदान करने की आमजन से अपील की। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस आराधना चौहान, अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर अनिल सिंघल, दोनों नगर निगमों के आयुक्त सहित कार्यपालक मजिस्ट्रेट, अन्य अधिकारी, समाजसेवी संस्थाओं, सीएलजी एवं शांति समिति सदस्यों एवं पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया और त्यौहारों के शांतिपूर्ण आयोजन के संबंध में अपने सुझाव दिए।

# राज्यपाल श्री हरीभाऊ बागडे ने किए श्री मुसा माता के दर्शन, लिया आशिर्वाद



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 03 जुलाई को राज्यपाल हरीभाऊ बागडे ने गुरूवार को खातौली किशनगढ़ स्थित श्री मुसा माता धाम पर दर्शन कर आशिर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने यहां श्री मुसा माता चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित तृतीय वार्षिक महोत्सव समारोह को सम्बोधित भी किया। खातौली किशनगढ़ में श्री मुसा माता चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित तृतीय वार्षिक महोत्सव में राज्यपाल श्री हरीभाऊ बागडे ने कहा कि देशभर के दरक माहेश्वरी परिवारों की आस्था के केन्द्र मुसा माता धाम का दर्शन लाभ मिला और आशिर्वाद प्राप्त किया। यह सौभाग्य की बात है। किसी भी शुभ कार्य में पहले कुलदेव को याद किया जाता है। इस प्रकार कुलदेवी का मंदिर बनवाने का पुण्य कार्य किया गया। मंदिर बनने से पूर्व मुसा माता का मंदिर सबके मन में था। माहेश्वरी समाज भारत के मूर्ति पूजक समाजों में से एक है। इस प्रकार के देव धर्म को मानने वाले हिन्दु कहलाते है। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के अनुसार अलग-अलग फूलों को माला के रूप में गूंथने वाले धागे का नाम हिन्दु है। उन्होंने कहा कि माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति शिव कृपा से हुई है। इसी कारण प्रतिवर्ष महेश जयंती मनाने की परम्परा है। इनका आध्यात्मिक झुकाव देव धर्म की ओर है। इनमें प्रेम और सद्भावना भरी है। परमात्मा सर्वोच्च शक्ति है। मन हमें आध्यात्मिक और भौतिक दोनों प्रकार के आदेश देता है। व्यक्ति अपने झुकाव के अनुसार इनमें से एक का चुनाव करता है। श्री मूसा माता चैरीटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष काशीनाथ दरक तथा सचिव रमेश दरक ने ट्रस्ट तथा मंदिर की गतिविधियों के बारे में अपनी बात रखी। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़, पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश, जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु एवं पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, ट्रस्ट के वल्लभ दरक,रोहित दरक, श्री किशन प्रसाद दरक एवं श्याम सुन्दर दरक सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सरकारी अध्यापक की ब्रेन हेमरेज से मौत, बीस दिन पूर्व हुई थी शादी

## कंचनपुर के मठ हांसई निवासी अध्यापक हरिया गिरी की मड़रायल में थी नौकरी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के मठ हांसई गांव में एक सरकारी अध्यापक की ब्रेन हेमरेज होने के चलते जयपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजन शव को लेकर बाड़ी अस्पताल पहुंचे। जहां कंचनपुर पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के मठ हांसई गांव निवासी 27 वर्षीय हरिया गिरी पुत्र कन्हैया गिरी गोस्वामी की शादी 20 दिन पूर्व ही हुई थी। हरिया गिरी करौली जिले के मंडरायल तहसील के चैनपुरा गांव में अपर प्राइमरी स्कूल में थर्ड ग्रेड टीचर था। 21 महीने पूर्व उसकी नौकरी लगी थी। जिसमें अभी उसका परिवीक्षा काल चल रहा था। गर्मियों की छुट्टियों की चलते वह घर पर ही था। विगत शुक्रवार की सुबह 6 बजे अचानक से वह घर पर बैठे-बैठे ही गश खाकर गिर गया। जिसे परिजन तुरंत बाड़ी अस्पताल लाये। जहां से ब्रेन हैमरेज होने के चलते जिला अस्पताल धौलपुर और धौलपुर से आगरा रेफर किया गया।इस दौरान कही पर भी जब तबीयत में सुधार नहीं हुआ तो उसे जयपुर एसएमएस ले जाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा था। मंगलवार की देर रात जयपुर में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर मृतक के पिता कन्हैया ने बताया कि उसके तीन पुत्र हैं। जिनमें हरिया सबसे छोटा था। वह खेती किसानी का काम करते हैं। हरिया शुरू से ही पढ़ाई में तेज था। ऐसे में 21 महीने पहले ही उसकी नौकरी लगी थी और 20 दिन पूर्व शादी हुई थी। घर में खुशी का माहौल था। जो घटना के बाद शोक में बदल गया है। घटना को लेकर कंचनपुर थाने के एएसआई रघुवीर सिंह ने बताया कि सूचना पर बाड़ी अस्पताल पहुंच मृतक हरिया के शव का पोस्टमार्टम कराया है। पंचनामे के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों द्वारा अभी रिपोर्ट नहीं दी गई है। जो भी रिपोर्ट दी जाएगी उस के आधार पर कानूनी कार्रवाई होगी।



# अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने किया पौधरोपण

## आमजन से अपील, भविष्य में जीवन बचाने के लिए लगाए पेड़

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हामिद मेवाती के जन्मदिन पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया। शहर के गर्ल्स स्कूल, गुरु की बगिया, नगर पालिका, मदरसा, इस्लामिया स्कूल पहुंच सभी जगह दस, दस पोधो का रोपण किया गया। इस दौरान जीवन में पर्यावरण के महत्व के बारे में लोगों को जानकारी दी की पर्यावरण के बिना जीवन संभव नहीं है। ऐसे में शहर अध्यक्ष वंदना शिवहरे ने सांसे हो रही कम, आओ पेड़ लगाए हम। का अभियान शुरू किया। इस कार्यक्रम का संचालन भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष नाजिया खान ने किया। उन्होंने सभी को अपने और आगामी पीढ़ी के लिए जीवन को बचाने की अपील करते हुए पौधरोपण करने और उनको बचाने की अपील की। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश मामा, रामकुमार कुशवाहा, नितिन शर्मा, सतीश प्रजापति, मनोज कोली, कृष्णा कुशवाहा, राम लखन कुशवाहा, मन्नू खान सहित भाजपाई मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय समाज उपयोगी शिविर का आयोजन

## श्री हरिदत्त ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में दूसरे दिन विविध प्रतियोगिताएं हुई आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** सेवर स्थित श्री हरिदत्त ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत संचालित श्री हरिदत डिग्री कॉलेज एवं एच. डी. टीचर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित पांच दिवसीय समाज उपयोगी शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों की रचनात्मकता, शारीरिक दक्षता और बौद्धिक प्रतिमा को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। टैक्नोलॉजी पार्क के निदेशक डॉ. आलोक शर्मा ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों की सर्वांगीण प्रतिभा का विकास एवं समाज सेवा के प्रति उनकी चेतना को जागृत करना रहा। सभी विजेताओं को आगामी समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस दिन प्रमुख रूप से रस्साकस, 100 मीटर दौड, पोस्टर प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, सुलेख लेखन, श्रुतिलेखन एवं अंताक्षरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। रस्साकस प्रतियोगिता में एच. डी. ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे राउंड में विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। छात्राओं की श्रेणी में श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज की टीम ने दमदार प्रदर्शन कर विजेता का खिताब हासिल किया। मेंहन्दी प्रतियोगिता में चतुर्थ वर्ष की छात्रा हर्षिता ने प्रथम, द्वितीय वर्ष की वर्षा ने द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की आकांक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष की छात्राओं तनु एवं मीनेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रूचिका एवं सोनम को द्वितीय तथा बी.एड. द्वितीय वर्ष की प्रिया को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। सुलेख लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सुंदर एवं सटीक लेखन प्रस्तुत किया, लेखन प्रस्तुत किया, वहीं श्रुतिलेखख प्रतियोगिता में बी.एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया ने स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंताक्षरी प्रतियोगिताओं में श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज की टीम ने रचनात्मक, स्मरण शक्ति और तालमेल का बेहतरीन परिचय देते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर रघुराज सिंह, डॉ. त्रेता देवी, डॉ. सन्जू शर्मा, डॉ. नीलम सिंह, डॉ. रेनू वशिष्ट, डॉ. सोमदत्त, डॉ. मुस्कान सागर, डॉ. प्रताप भानू, डॉ. बिन्देश्वरी प्रसाद, डॉ. अशोक यादव, डॉ. प्रतिमा देवी, डॉ. जीतेन्द्र सिंह, डॉ. विकास शुक्ला, डॉ. पूनम दीक्षित, डॉ. पुष्पा कंवर उपस्थित रहे।



# फार्मर आईडी की जिला कलक्टर को बताई पीड़ा, मौके पर हुआ पंजीकरण

## राधा के लिये खुशियों की सौगात लेकर आया अन्त्योदय संबल अभियान

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** सेवर ब्लॉक की ग्राम पंचायत बांसी खुर्द में आयोजित शिविर किसान श्रीमति राधा के लिये खुशियों की सौगात लेकर आया। फार्मर आईडी नहीं बनवा पाने के कारण सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था जिसकी पीडा राधा ने जिला कलक्टर कमर चौधरी को बताई तो मौके पर ही सारी प्रक्रिया पूरी कर फार्मर आईडी का पंजीकरण पूरा किया गया। ग्राम बांसी खुर्द में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल शिविर में राधा पुत्री हरद्वारी ने जिला कलक्टर को अवगत कराया कि उसकी फार्मर आईडी नहीं बनने के कारण सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिला कलक्टर ने मौके पर ही तहसीलदार, गिरदावर एवं पटवारी को निर्देश दिये कि किसान राधा की फार्मर आईडी बनाने की कार्यवाही शिविर में ही पूरी की जाये। राजस्व विभाग की टीम ने जांच में पाया कि किसान श्रीमति राधा की फार्मर आईडी मोबाईल लिंकेज के कारण नहीं बन पाई थी अधिकारियों ने राधा के पुत्र से मोबाईल पर वार्ता कर रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर से ओटीपी प्राप्त किया तथा शिविर में ही फार्मर आईडी पंजीकरण की आईडी को पूरा किया। राधा ने बताया कि फार्मर आईडी के बिना उसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित कृषि एवं राजस्व विभाग की योजनाओं का लाभ मिलने में परेशानी हो रही थी। शिविर में जैसे ही जिला कलक्टर ने किसान श्रीमति राधा को ई-मित्र के माध्यम से फार्मर आईडी पंजीकरण की प्रतिलिपि सौंपी तो राधा को खुशी का ठिकाना नहीं रहा। जानकारी के आभाव में गत दिनों चले अभियान में राधा फार्मर आईडी नहीं बनवा पाई थी जैसे ही फार्मर आईडी मिली उसने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि अब उसे किसान की पहचान मिलने से योजनाओं का लाभ मिलने में परेशानी नहीं होगी।



# बार संघ ने सौंपा एसडीएम को सीएम के नाम ज्ञापन



## एसडीएम कार्यालय सहित चार अदालत और नगर पालिका जर्जर भवन में संचालित

## खानपुर के पास आवंटित भूमि में मिनी सचिवालय बनाये जाने की मांग

## बाड़ी में कार्य की अधिकता को लेकर खुले एक और एडीजे कोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बार एसोशिएशन द्वारा उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को एक ज्ञापन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम सोपा गया है। उक्त ज्ञापन में बार संघ ने मांग की है कि वर्तमान में जिस जर्जर भवन में चार अदालत और एसडीएम कार्यालय चल रहे हैं वह गिरासू हालत में है। पीडब्ल्यूडी विभाग उसे कंडम घोषित कर चुका है। वह कभी भी धराशाई हो सकती है । ऐसे में मुख्यमंत्री से मिनी सचिवालय या नवीन न्यायालय भवन बनाए जाने की मांग की गई है। बार संघ के अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश कौशिक ने बताया की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सोपा है। जिसमें मांग की है की बाड़ी उपखंड अधिकारी कार्यालय, कोर्ट आफिस और आवास के साथ नगर पालिका कार्यालय एवं ईओ आवास और तीन एसीजेएम कार्यालय, एक एमजेएम कार्यालय के साथ एडीजे कोर्ट, एपीपी ऑफिस, ट्रेजरी ऑफिस, राजस्व अभिलेख ऑफिस जिस भवन में संचालित हैं। वह धौलपुर रियासत काल की करीब 200 वर्ष पुरानी इमारत है। उक्त भवन वर्तमान में पूरी तरह जर्जर अवस्था में है। इसके छज्जे और कई दीवारें पूर्व में धराशाई हो चुकी हैं। बारिश के दौरान इनसे पानी टपकता है। दीवारों से मिट्टी गिरती है। जिसको लेकर अति शीघ्र समस्या के समाधान की जरूरत है। ऐसे में खानपुर मीणा तालाबशाही के पास जो 19 बीघा भूमि न्यायालयो के लिए स्वीकृत है। उसमें नवीन भवन बनाया जाए और अस्थाई रूप से किसी दूसरे स्थान पर व्यवस्था की जाए। जिससे कोई जनहानि नहीं हो। बार संघ द्वारा उक्त समस्या के साथ न्यायिक कार्य की अधिकता को देखते हुए बाड़ी उपखंड पर एक और अतिरिक्त अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट एडीजे संख्या दो, खुलवाये जाने की मांग की है साथ में आंगई थाना और सोने का गुर्जा थानों का क्षेत्राधिकार बाड़ी न्यायालय कोर्ट के अधीन करने की मांग की है। क्योंकि दोनों थानों के केस वर्तमान में सरमथुरा न्यायालय के अधीन है जो बाड़ी से 30 किलोमीटर दूर है।

# ओवर स्पीड ट्रैक्टर ने कार को मारी टक्कर

## कार मोटरसाइकिल से जा भिड़ी, ट्रैक्टर असंतुलित होकर एक मकान में जा

## बढ़ता राजस्थान

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** जमात में स्थित बस स्टैंड पर ओवर स्पीड में चल रहा एक ट्रैक्टर आगे चल रही कार के टक्कर मारते हुए असंतुलित होकर नगर पालिका के नाले को पार करते हुए एक मकान की दीवार तोडक़र मकान में जा घुसा। दुर्घटना होने के दौरान हो रही बरसात की वजह से सडक़ पर कोई नहीं था जिससे गंभीर हादसा टल गया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर जयपुर की ओर से एक ट्रैक्टर तेज गति से आ रहा था। ट्रैक्टर के आगे एक कार चल रही थी। ओवर स्पीड ट्रैक्टर ने आगे चल रही कार के टक्कर मार दी जिससे कार दूसरी तरफ आकर एक दुकान के आगे खड़ी मोटरसाइकिल से जा भिड़ी। इधर ट्रैक्टर कार के टक्कर मारने के बाद रोड पर पानी निकासी के नाले को पार करते हुए एक मकान की चार दिवारी को तोड़ते हुए अंदर घुस गया और मकान से जा टकराया। लोगों ने बताया कि ट्रैक्टर की गति बहुत अधिक थी। दुर्घटना के दौरान बरसात हो रही थी इसलिए सडक़ पर कोई नहीं था। जिससे जनहानि होने से बच गई।

# गुमट अजीज पुरा मोहल्ले में महिलाओं का जलदाय विभाग और ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के वार्ड नम्बर पांच गुमट अजीजपुरा क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क का 2 वर्ष बाद भी कोई समाधान नहीं किया गया है। जगह-जगह से खुदी पड़ी सड़क पर पत्थर डालकर कार्यों की इतिश्री की गई है।जिसके चलते मोहल्लेवासी परेशान है। ऐसे में रोज रोज की समस्याओं से त्रस्त महिलाओं द्वारा आज नगर पालिका और जलदाय विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। महिलाओं ने आरोप लगाया की खोदी गई सड़क को ना तो सही कराया गया ना ही कोई मरम्मत की है। इसके चलते उबड़-खाबड़ सड़क से राह निकलना मुश्किल हो रहा है। वार्ड पांच अजीजपुरा निवासी महिला सलमा, रामदेई, अफसाना, गुलिस्ता एवं अन्य ने बताया कि 2 वर्ष पूर्व नई पेयजल पाइप लाइन डालने के लिए जलदाय विभाग के ठेकेदार ने उक्त सड़क को खोदा था। इसमें पाइप तो डर गया लेकिन बाद में सड़क को सही नहीं किया गया। अब हालात यह हैं की बारिश के दौरान उबड़-खाबड़ सड़क पर पानी भर गया है। जिसमें से रास्ता निकालना मुश्किल हो रहा है। छोटे बच्चे जब भी बाहर निकलते हैं तो सड़क पर बने गड्ढों से गिर जाते हैं। बुजुर्गों के लिए तो अब घरों से बाहर निकालना आफत बन गया है। मामले को लेकर कई बार नगर पालिका के अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया। जलदाय विभाग के अधिकारियों को सड़क दुरुस्त करने की प्रार्थना की लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। वार्ड पांच के पार्षद इस्माइल खान बताया कि वे कई बार नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन के साथ जलधाय विभाग के अधिकारियों को समस्या के समाधान को लेकर मांग कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। महिलाओं ने बताया कि लगातार पानी भरे रहने से मोहल्ले के बिजली खंभे में भी करंट आ रहा है। इस करंट से कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# महिला आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त की हुई अमिता मिश्रा बनी ब्रांड एम्बेसेडर

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास ) ।** 03 जुलाई को माखुपुरा स्थित महिला आईटीआई से प्रशिक्षित पूर्व प्रशिक्षणार्थी श्रीमती अमिता मिश्रा को, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय के निदेशक (प्रशिक्षण) श्री सुरेंद्र कुमार खंडेलवाल ने अजमेर जिले का ब्रांड एम्बेसेडर घोषित किया है। श्रीमती अमिता मिश्रा ने सत्रा 2021-22 में महिला आईटीआई अजमेर से फैशन डिज़ाइन एन्ड टेक्नोलॉजी में प्रशिक्षण प्राप्त किया। वे वर्तमान में स्वयं का बुटीक संचालित कर रही है साथ ही साथ अन्य महिलाओं को रोजगार भी प्रदान कर रही है। जिला स्तरीय आईटीआई अजमेर के उपनिदेशक श्री अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि श्रीमती अमिता मिश्रा को विश्व युवा कौशल दिवस 2025 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जयपुर में सम्मानित किया जाएगा। महिला संस्थान के सहायक निदेशक श्री शैलेन्द्र माथुर ने बताया कि वर्तमान में विविध व्यवसायों में महिलाओं के लिए प्रशिक्षण के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। महिलाओं का प्रशिक्षण शुल्क माफ है। इच्छुक महिला 10 जुलाई तक आवेदन कर सकती है।

# शहीद हरेंद्र सिंह गुर्जर की मूर्ति का अनावरण समारोह 5 जुलाई को

बढ़ता राजस्थान

**वैर/भरतपुर ( गोपाल पाठक )।** समीपवर्ती भौंडा गांव में शहीद हरेन्द्रसिंह गुर्जर की मूर्ति अनावरण समारोह का आयोजन पांच जुलाई 2025 शनिवार को होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम व विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक बहादुर सिंह कोली होंगे। मूर्ति अनावरण समारोह प्रात: 10.30 बजे प्रारंभ होगा जिसमें में देशभक्ति पूर्ण रचनाएं गायक कृष्णा गुर्जर द्वारा प्रस्तुत की जायेंगी।



# विकास तो हो रहा पक्षॉल रोड लाइन्स का और धूल मिट्टी खाये आम जनता धूल के गुबार से राहगीर परेशान प्रशासन सुस्त

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** नगर परिषद निम्बाहेड़ा मे जे के चौराहा से चित्तौड़गढ़ रोड पर धूल के गुबार उड़ने की वजह से राहगीर परेशान होकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है जिसका मूल कारण पक्षॉल रोड लाइन्स की अवैध रूप से आने जाने वाली बड़े बड़े बलकर ट्रेलर है क्यूंकि बरसात के मौसम मे पक्षॉल रोड लाइन्स के अवैध टीन शेड के आगे गीली मिट्टी मे गाड़ियां आने जाने की वजह से बीच सडक पर आ जाती जिसकी वजह पूरी सडक पर गीली मिट्टी होने की वजह से गाड़ियां फिसल जाती है और सूखने के बाद यही मिट्टी गाड़ियां चलने की वजह से टू व्हीलर चालको के ऊपर उड़ती रहती है जिसकी वजह कुछ दिखाई नहीं देता और धूल मिट्टी वाहन चालक के शरीर मे प्रवेश कर दमा, अलर्जी, चर्म रोग उत्पन्न कर रही है। आखिर प्रशासन पक्षॉल रोड लाइन्स के नतमस्तक क्यू है जब उनको यातायात प्रभारी द्वारा समझा दिया गया और चालान भी काटे गये की आपकी गाड़ियां सडक पर खड़ी नहीं करें उसके बावजूद भी गाड़िया कुछ दिन बंद होकर वापस अपने पुराने ढर्रे मे आ जाती है जिसका परमानेंट निदान प्रशासन नहीं निकाल पा रहा है आखिर एक ट्रांसपोर्टर प्रशासन पर इतना भारी पड़ रहा है की उनके आदेशों की अवहेलना खुले आम कर रहा है और प्रशासन हाथ पर हाथ रख कर गंभीर दुर्घटना का इंतजार कर रहा है आखिर प्रशासन की ऐसी क्या मज़बूरी हे जो ना तो अपनी ज़मीन खाली करवा पा रहा हे और ना बीच सडक पर खड़ी गाड़ियां बंद करवा पा रहा हे जिस ट्रांसपोर्टर की वजह से सडक पर धूल मिट्टी उड़ रही हे जिससे आमजन परेशान हो रहा हे उसके बावजूद भी ना तो नगर परिषद द्वारा अपनी ज़मीन खाली करवा पा रहा ना ही यातायात विभाग द्वारा पक्षॉल रोड लाइन्स की बड़ी बड़ी गाड़ियां बीच सडक पर खड़ी करने का स्थाई समाधान भी नहीं करवा पा रहा हे और ना ही उसको बंद करवा पा रहा हे आखिर कब तक इस ट्रांसपोर्टर की मनमर्ज़ी चलती रहेगी क्या प्रशासन कुम्भकरनी नींद से जागकर इस मामले कोई कार्यवाही करेगा या खेल मिलीभगत से ऐसे ही चलता रहेगा।

### इनका कहना है

मे दिखवाता हूं।

*रिंकू सिंह, सहायक अभियंता नगर परिषद, निम्बाहेड़ा*



---

एसीबी टीम के हत्थे चढ़ा रिश्वतखोर पटवारी

# म्यूटेशन दर्ज करने के नाम पर ली 20 हजार रूपए की रिश्वत

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** एसीबी टीम बून्दी ने गुरूवार को सुवानिया पंचायत मुख्यालय पर कार्यवाही करते हुए रिश्वतखोर पटवारी विजेन्द्र यादव को 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। दोपहर को चुपचाप एसीबी की टीम सुवानिया पंचायत मुख्यालय पहुँची। मुख्यालय पर हल्का पटवारी म्युटेशन दर्ज करने के नाम पर 20 हजार की रिश्वत को पेंट की जेब में लेकर पंचायत मुख्यालय के अंदर बैठा हुआ था। जैसे ही एसीबी की टीम फरियादी के ईशारे पर पटवारी को पकड़ने पहुँची। एकाएक हुई कार्यवाही को लेकर हड़कम्प मच गया। पहले तो पटवारी मौके से फरार होने लगा तो एसीबी की टीम ने रिश्वत खोर पटवारी को दबोच करके पेंट की जेब में रखे 20 हजार के नोट जप्त करके हाथ धुलाये तो हाथ लाल हो गये। दूसरी ओर सुवानिया पंचायत मुख्यालय पर हुई एसीबी की कार्यवाही को



देखने के लिए तमाशाबीन लोगो की भीड़ जमा हो गई। जिसने भी सुना कि सुवानिया हल्का पटवारी को 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है,तो लोगो ने हल्का पटवारी की कार्यप्रणाली को लेकर खुशी जताई। सात वर्ष से हल्का पटवारी के चक्कर लगा रहा था फरियादी- एसीबी टीम के डीएसपी ज्ञानचंद मीणा ने बताया कि खोलाड़ा निवासी फरियादी रामफूल बैरवा ने एसीबी बून्दी को शिकायत दी थी कि 2018 से वह म्यूटेशन दर्ज करवाने के लिए हल्का पटवारी के चक्कर लगाता आ रहा है। पिता की मौत के बाद जमीन में उसकी बहिनो के नाम भी आ गये थे। बहिनो ने हक त्याग के लिए शपथ पत्र दिया जाने के बाद भी म्यूटेशन दर्ज करने के नाम पर 50 हजार की रिश्वत की डिमांड कर रहा था। आपसी समझाइस के बाद 45 हजार दिया जाने पर सहमत हो गया। फरियादी की शिकायत पर एसीबी टीम ने 27जून एंव एक अगस्त को सत्यापन करवाया गया। सत्यापन के दौरान मामला सही पाया जाने पर गुरूवार को उनके नेतृत्व में एएसआई इस्माईल अंसारी, हैड़कॉस्टेबल देवेन्द्र सिंह हाड़ा,मनोज कुमार,विक्रम,राम सिंह मौके पर पहुँचे। हल्का पटवारी को पकड़ कर पेंट की जेब में रखे रंग लगे 20 हजार जप्त करके हल्का पटवारी के हाथ धुलवाये गये जो लाल हो गये। एसीबी टीम ने रंगे हाथ पटवारी को रिश्वत लेने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया है।

---

# हरित अभियान के तहत किया गया पौधारोपण



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं महेन्द्र सिंह सिसोदिया अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), चित्तौड़गढ़ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुनील कुमार गोयल द्वारा विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय भोईखेड़ा मार्ग में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव गोयल ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया तथा बच्चों को हरित अभियान के तहत् वृक्षारोपण का महत्व समझाते हुए उन्हें पौधारोपण हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को प्लास्टिक के दुरूपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें सीमित मात्रा में प्लास्टिक उपकरणों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। गोयल ने बताया कि वृक्ष प्राणवायु के साथ-साथ फल, लकड़ी एवं अन्य आवश्यकताओं की भी पूर्ति करते हैं अतः यह प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है कि वह पर्यावरण के हित में एक पौधा अवश्य लगाए एवं उसकी देखभाल करे। इस छोटी सी पहल से न केवल हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर एवं शुद्ध वातावरण मिलेगा।

---

# हत्या के आरोपी को सुनाई आजीवन कारावास एंव 5 हजार का जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** गुरूवार को अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश नैनवां जिला बूंदी ने मर्डर प्रकरण में निर्णय सुनाते हुए आरोपी सुखदेव पुत्र लाल जाति जाट निवासी वार्ड नंबर 5 नैनवां जिला बूंदी को मृतक सुवालाल की हत्या का आरोपी मानते हुए न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा एवं 5000 रुपए के जुर्माने से दण्डित किया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करते हुए अपर लोक अभियोजक निशांत कुमार सोनी अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश नैनवां ने 23 गवाह व 58 दस्तावेज प्रदर्शित करवाएं गये है। मामला 14 जून 2013 का है। जब थाना नैनवां के फोन पर अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर सूचना दी गई थी कि कोरमा रोड पर जाटों के खेत के पास एक व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है। जिस पर कोरमा घटनास्थल पर अनुसंधान अधिकारी पहुंचे जहां पर रामलाल ने एक तहरीर रिपोर्ट पेश की कि उसका भाई सुवालाल जिसके पत्नी नहीं है। वह मेरे पास ही रहता है। वह रखवाली करता है। रात को घर पर सोता है। दिनांक 14 जून 2013 को शाम को सुवा लाल घर पर नहीं आया। उसे तलाश कर रहे हैं पता चला कि सुवालाल की लाश हमारे खेत के पास सुखदेव के खेत पर बनी टापरी के यहां पड़ी है। जिसे देखने पर सुवालाल के हाथ पैरों में सिर पर चोट आई हुई है। सुखदेव से जमीन का विवाद चल रहा है। सुखदेव वह उसकी पत्नी कैलाशी तथा लड़के विनोद ने हत्या कर दी है। शंका के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया उक्त तहरीर रिपोर्ट पर बाद अनुसंधान अभियुक्त पप्पू उर्फ राजेंद्र सुखदेव कैलाश भाई के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया गया था। जिस पर गुरूवार को सगे भाई की हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा एवं 5,000 जुर्माना से दण्डित किया गया।

---

# अब पूरे होंगे अपने आशियाने के सपने

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** राज्य सरकार द्वारा जनकल्याण की भावना से संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं की प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करने का एक सक्रिय और संवेदनशील प्रयास है। इसका जीवंत उदाहरण पंचायत समिति चित्तौड़गढ़ की ग्राम पंचायत पाल में 2 जुलाई को आयोजित शिविर में देखने को मिला, जहां श्यामलाल गुर्जर पुत्र नारायण गुर्जर जैसे आम नागरिक के वर्षों पुराने सपने ने साकार रूप लिया।



### समस्या की पृष्ठभूमि

श्यामलाल गुर्जर एक सामान्य ग्रामीण नागरिक हैं, जिनकी जीविका पारंपरिक कृषि व श्रम पर आधारित है। उनका परिवार वर्षों से पैतृक घर में निवास करता आ रहा है, किंतु उक्त संपत्ति का वैधानिक स्वामित्व प्रमाण - यानी आवासीय पट्टा उपलब्ध नहीं था। यह अभाव उन्हें आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं, विशेषकर गृह निर्माण हेतु ऋण प्राप्त करने से वंचित कर रहा था। भवन जीर्ण अवस्था में था और परिवार को मरम्मत या पुनर्निर्माण की तत्काल आवश्यकता थी, लेकिन बिना पट्टे के यह संभव नहीं था।

### समाधान की प्रक्रिया

श्यामलाल ने तीन माह पूर्व पंचायतीराज विभाग के समक्ष आवासीय पट्टे हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। प्रशासनिक तंत्र ने इस आवेदन को प्राथमिकता से संज्ञान में लिया और अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के दौरान ही आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण, सत्यापन एवं अनुमोदन कर त्वरित रूप से पट्टा प्रदान कर दिया। यह कार्य राजस्व विभाग, पंचायत विभाग तथा शिविर में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों की समन्वित कार्यशैली का प्रमाण है।

### परिवर्तन की शुरुआत

आवासीय पट्टा मिलने के साथ ही श्यामलाल का जीवन एक निर्णायक मोड़ पर आ गया। अब वे अपने मकान के पुनर्निर्माण हेतु बैंक से वैध रूप से ऋण प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उनका परिवार न केवल सुरक्षित व गरिमामयी जीवन जी पाएगा, बल्कि आर्थिक रूप से भी सशक्त होगा। यह परिवर्तन न केवल श्यामलाल के लिए, बल्कि पूरे समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### श्यामलाल की प्रतिक्रिया

**श्यामलाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए भावुक होकर कहा अब मुझे बैंक से लोन लेने में कोई परेशानी नहीं होगी। मेरे आशियाने का सपना अब पूरा हो सकेगा। मैं राजस्थान सरकार का तहेदिल से आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता देकर इस तरह की योजनाएं लागू की हैं।**

---

# चित्तौड़-भीलवाड़ा हाईवे पर साइनबोर्ड और सुरक्षा सुधार की मांग : विधायक कोठारी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** एनएच 79 पर चित्तौड़ रोड से शहर में प्रवेश के दौरान दिशा संकेतों की कमी और सड़क की खामियों के कारण राहगीरों को परेशानी होती है। इस समस्या पर विधायक अशोक कोठारी ने अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण कर एनएचएआई को पत्र लिखकर शीघ्र सुधार की मांग की है। विधायक ने बताया कि शहर में प्रवेश मार्ग पर 90 डिग्री का मोड़ दुर्घटना का कारण बनता है, जिसे दूर करने के लिए समानांतर सड़क बनानी चाहिए। प्रवेश मार्ग पर पर्याप्त और स्पष्ट साइनबोर्ड नहीं हैं, जिससे वाहन चालकों को भ्रम होता है और अचानक ब्रेक लगने से दुर्घटना की आशंका रहती है। मंडपिया गांव के पास भी सुगम प्रवेश मार्ग नहीं है, जिससे वाहन गलत दिशा से आते हैं। लंबे डिवाइडर के कारण भारी वाहनों को लंबा कट लगाना



पड़ता है, जिससे टक्कर का खतरा बढ़ता है। विधायक ने प्रवेश मार्ग का सौंदर्यकरण और ओवरब्रिज समाप्ति पर भी साइनबोर्ड लगाने की मांग की, ताकि यदि कोई वाहन आगे निकल जाए तो वह वापस लौट सके।

---

# मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए गठित जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक हुई आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में गुरुवार को मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए गठित जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेडिकल कॉलेज के सुचारू और बेहतर संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने मेडिकल कॉलेज में स्टाफ की कमी को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से आपसी समन्वय स्थापित कर स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा ताकि कॉलेज का कामकाज प्रभावित न हों। जिला कलक्टर ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (हृ.।द्ध) के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे मेडिकल कॉलेज के पास एक सर्विस रोड़ और अंडरपास के निर्माण के लिए तत्काल प्रस्ताव तैयार करें। इसके साथ ही, उन्होंने हिंडोली-नैनवां पेयजल परियोजना से मेडिकल कॉलेज को पेयजल आपूर्ति करने के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में पेयजल की कोई समस्या न रहें। इस दौरान जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की और अधिकारियों को इन घोषणाओं को समय पर पूरा करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर ओ पी सामर, मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य श्योजीराम मीणा, पीएचईडी के अधिशासी अभियंता सर्वेश्वर एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

---

# चित्तौड़गढ़ जिले में झमाझम बरसे मेघ-बस्सी में रिकॉर्ड 320 मिमी वर्षा

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** जिले में सक्रिय मानसून के चलते बीते 24 घंटों में अधिकांश क्षेत्रों में मूसलाधार वर्षा दर्ज की गई। जिससे जलाशयों में पानी की आवक में वृद्धि हुई है। जल संसाधन विभाग द्वारा गुरुवार प्रातः 8 बजे तक जारी वर्षा रिपोर्ट के अनुसार, जिले में बीते 24 घंटे में विभिन्न उपखंडों में वर्षा दर्ज की गई। बस्सी मे 320 मिमी (सबसे अधिक), गंगरार में 157 मिमी, बेगूं में 123 मिमी, चित्तौड़गढ़ में 94 मिमी, राशमी में 53 मिमी, निंबाहेड़ा में 48 मिमी, भूपालसागर में 50 मिमी, भदेसर में 36 मिमी, कपासन में 34 मिमी, डूंगला में 23 मिमी भैंसरोड़गढ़ मे 18 मिमी एवं बड़ीसादड़ी में 17 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार बस्सी बांध पर 307 मिमी, ओराई बांध पर 298 मिमी, गंभीरी बांध पर 58 मिमी, बड़गांव बांध पर 55 मिमी, भूपालसागर बांध पर 54 मिमी, कपासन बांध पर 52 मिमी, संदेसर बांध पर 50 मिमी, मातृकुंडिया बांध पर 34 मिमी एवं वागन बांध पर 16 मिमी (सबसे कम) वर्षा दर्ज की गई।

# उद्भवन 2025 : नवाचार और उद्यमिता का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** संगम विश्वविद्यालय, भीलवाड़ा के उद्यमिता एवं कौशल विकास केंद्र तथा संगम आई-टीबीआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'उद्भवन 2025' का सफल आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। यह आयोजन नवाचार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में कार्यरत युवाओं, निवेशकों एवं विशेषज्ञों को एक साझा मंच प्रदान करने हेतु किया गया।कार्यक्रम के पहले दिन 'इग्नीशिया' के अंतर्गत नव उत्पादों का शुभारंभ, उद्यमिता प्रदर्शनी, विशेष प्रशिक्षण सत्र, 'जन मिलन' नेटवर्किंग नाइट तथा 'संवाद 2025' संवाद श्रृंखला का आयोजन हुआ, जिसमें नीति-निर्माताओं एवं विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'पिच बोर्ड 2025' रहा, जिसमें चयनित स्टार्टअप्स ने प्रस्तुतियाँ दीं। निर्णायकों द्वारा नवाचार, व्यवसाय मॉडल एवं प्रस्तुति के आधार पर मूल्यांकन किया गया। कुलपति प्रो. डॉ. करूणेश सक्सेना ने युवाओं को बताया की आज का युग नवाचार, तकनीक और उद्यमशीलता के परस्पर मिलन का है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को विचारशीलता, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करते हैं। प्रो-वाइस चांसलर प्रो. मानस रंजन पाणिग्रही ने उद्घाटन सत्र में कहा कि संगम विश्वविद्यालय का प्रयास है कि हमारे छात्र नौकरी चाहने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनें। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनोज कुमावत ने बताया कि 'उद्भवन 2025' भीलवाड़ा को नवाचार के मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक प्रभावी प्रयास है। संगम आई-टीबीआई के सीईओ श्री राजस्व कौशिक ने सभी स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें बाजार की आवश्यकताओं के अनुसार नवाचार करने का आह्वान किया। निर्णायक मंडल में श्री ऋत्विक जोशी, श्री राकेश आगाल, डॉ. एस. एस. लाखावत, एवं डॉ. राजकुमार सोमानी सम्मिलित रहे।मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सी. एस. यादव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार ने सहभागिता एवं नवाचार की महत्ता पर प्रकाश डाला।

# सेवाश्रम बौद्धिक दिव्यांग पुनर्वास गृह एवं विशेष विद्यालय में प्रवेश उत्सव धूमधाम से संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** सेवाश्रम बौद्धिक दिव्यांग पुनर्वास गृह एवं विशेष विद्यालय में प्रवेश उत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और धूमधाम से किया गया। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में बच्चों का हार्दिक स्वागत करना था, जिससे वे विद्यालय में सहज और रवलनिस महसूस कर सकें। कार्यक्रम का नेतृत्व सेवाश्रम के सचिव गिरीश अग्रवाल ने किया। उत्सव की शुरुआत बच्चों के परंपरागत स्वागत के साथ हुई, जहाँ अध्यापकों ने सभी बच्चों के माथे पर कुमकुम का तिलक लगाकर और गुड़ खिलाकर उनका अभिनन्दन किया। सचिव अग्रवाल ने स्वयं बच्चों को गुलाब के फूल, ड्राइंग नोटबुक और रंगों का सेट देकर उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष प्रेमलता ओझा ने बच्चों को चॉकलेट देकर उनके चेहरे पर मीठी मुस्कान बिखेर दी। इस अवसर पर बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। वे विद्यालय आने के लिए उत्सुक दिख रहे थे, और इसी प्रकार अध्यापक तथा कार्यकारिणी सदस्य भी अपने विद्यार्थियों से मिलने और उनका स्वागत करने के लिए बेहद उत्साहित थे।

# 23 जुलाई को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का निम्बाहेड़ा में दौरा प्रस्तावित

## तैयारियों के संदर्भ में विधायक कृपलानी ने ली विधानसभा स्तरीय अधिकारियों की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** राजस्थान सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 23 जुलाई को निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र के संभावित एक दिवसीय दौरे के मद्देनजर बुधवार को पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विधायक कृपलानी ने निम्बाहेड़ा उपखण्ड अधिकारी विकास पंचौली, छोटीसादड़ी उपखण्ड अधिकारी यतीन्द्र पोरवाल सहित निम्बाहेड़ा-छोटीसादड़ी विधानसभा क्षेत्र के सार्वजनिक निर्माण विभाग, पंचायत राज विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, नगर परिषद एवं नगर पालिका, चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, आरटीओ, आबकारी, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, शिक्षा विभाग, समसा विभाग, आरयूआईडीपी, आरएसआरडीसी, तहसील विभाग सहित विधानसभा स्तरीय विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारीगणों से चर्चा कर विभाग वाइज विकास कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर विधायक कृपलानी ने उपस्थित समस्त विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सीएम भजनलाल शर्मा के 23 जुलाई के प्रस्तावित दौरे की तेयारियों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक कृपलानी ने विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख मुद्दों एवं विकास कार्यों को लेकर संवाद किया।

"जमन को एक बार दुबारा से जानिए क्योंकि परमात्मा के अलावा कोई नहीं।"

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# सिध्दारमैया को क्यों मिल रहा कांग्रेस का साथ

बढ़ता राजस्थान

**बैंगलुरु (एजेंसी)।** ऐसा लगता है कि कांग्रेस पार्टी ने फिलहाल कर्नाटक में नेतृत्व संकट को सुलझा लिया है। पार्टी ने सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री पद के लिए नामित करने का फैसला किया है। कांग्रेस ने फिलहाल सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला क्यों किया, इसके पांच प्रमुख कारण इस प्रकार हैं।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि वह पूरे पांच साल तक पद पर बने रहेंगे। उन्होंने कांग्रेस शासित राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों पर विराम लगा दिया। पत्रकारों द्वारा पूछे गए इस सवाल के जवाब में कि क्या वह पांच साल तक मुख्यमंत्री रहेंगे, वरिष्ठ नेता ने कहा कि हां, मैं कर्नाटक का मुख्यमंत्री बनूंगा। आपको इसमें संदेह क्यों है? इससे पहले सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए कांग्रेस ने कहा कि पार्टी फिलहाल सिद्धारमैया को



कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से हटाने की योजना नहीं बना रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि हम कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन पर कोई राय नहीं ले रहे हैं।

सिद्धारमैया के डिप्टी डीके शिवकुमार ने जवाब देते हुए कहा कि उनके पास सीएम सिद्धारमैया का समर्थन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। शिवकुमार ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि मेरे पास क्या विकल्प है? मुझे उनके साथ खड़ा होना है और उनका समर्थन करना है। मुझे इस पर कोई आपत्ति नहीं है। पार्टी आलाकमान जो भी कहेगा और जो भी फैसला करेगा, उसे पूरा किया जाएगा...मैं अभी इस पर कोई चर्चा नहीं करना चाहता। लाखों कार्यकर्ता इस पार्टी का समर्थन कर रहे हैं।

ऐसा लगता है कि कांग्रेस पार्टी ने फिलहाल कर्नाटक में नेतृत्व संकट को सुलझा लिया है। पार्टी ने सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री पद के लिए नामित करने का फैसला किया है। कांग्रेस ने फिलहाल सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला क्यों किया, इसके पांच प्रमुख कारण इस प्रकार हैं।

### बिहार चुनाव 2025

बिहार एकमात्र ऐसा राज्य है जहां 2025 में चुनाव होने वाले हैं। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को लगता है कि बिहार में चुनाव से पहले हाशिए पर पड़े समुदाय (ओबीसी) से किसी नेता को हटाने से पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की पर्याप्त संख्या वाले राज्य में अच्छा संदेश नहीं जाएगा।

### कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष

अगर शिवकुमार सीएम बनना चाहते हैं, तो उन्हें कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद छोड़ना होगा। सूत्रों ने बताया कि शिवकुमार पद छोड़ने के इच्छुक नहीं हैं। रिपोर्ट के अनुसार, शिवकुमार को डर है कि सिद्धारमैया के वफादारों को इस पद पर नियुक्त किया जाएगा।

### मनी लॉन्ड्रिंग लेबल

मई 2023 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद, सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच मुख्यमंत्री पद के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा थी, लेकिन कांग्रेस ने शिवकुमार को मना लिया और उन्हें डिप्टी सीएम बना दिया। कांग्रेस ने शिवकुमार की जगह सिद्धारमैया को इसलिए चुना क्योंकि शिवकुमार केंद्रीय एजेंसियों की जांच के घेरे में थे। रिपोर्टों के अनुसार, कांग्रेस पार्टी को डर है कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा अगर शिवकुमार सीएम बनते हैं तो इन मामलों को लेकर उन पर हमला कर सकती है और शायद किसी मौजूदा सीएम को फिर से जेल में डाल सकती है।


### अशोक गहलोत बनाम सचिन पायलट

कांग्रेस अपने तीन सत्ताधारी राज्यों में से एक कर्नाटक में राजस्थान और मध्य प्रदेश की गलतियों को दोहराना नहीं चाहती। कांग्रेस शासित अन्य दो राज्य तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश हैं।

## एफ-35 का फ्यूज कंडक्टर किसने निकाल लिया, अब तो कबाड़ हो रहे UK के प्लेन की भारत भी ले रहा मौज

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल टूरिजम ने इसका इस्तेमाल अपने प्रचार के लिए किया है। केरल टूरिजम के आधिकारिक एक्स हँडल से एक पोस्ट की गई है। इसमें स्न-35 बी की फोटो पोस्ट की है और लिखा है कि केरल ऐसी डेस्टिनेशन है जिसे आप कभी छोड़ना नहीं चाहेंगे। इसमें एफ-35 को कहते दिखाया है कि केरल इतनी अमेजिंग जगह है कि मैं यहां से जाना नहीं चाहता। 14 जून की रात करीब 9.30 बजे



तिरुवनंतपुरम में ब्रिटेन का F-35 उतरा। इस जेट ने ब्रिटिश एयरक्राफ्ट कैरियर ॥MS प्रिंस ऑफ वेल्स से उड़ान भरी थी। ब्रिटिश नेवी का लड़ाकू जहाज क्या नारियल का तेल डालने से उड़ जाएगा। दुश्मनों पर बम और मिसाइलें दागने वाला ये जहाज क्या चिकेन और पराठे खाता है। ब्रिटिश फाइटर जेट का आखिर फ्यूज कंडक्टर किसने निकाल दिया? ऐसे संजीदा सवालों से सोशल मीडिया पटा पड़ा है। ब्रिटेन की नेवी का सबसे आधुनिक स्टील्थ फाइटर जेट एफ 35 बी करीब 18 दिनों से केरल के तिरुवंतपुरम में अटका हुआ है। विमान 14 जून को भारत में लैंड हुआ था और अभी तक केरल में ही है। ये विमान यूके के युद्धपोत एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स के साथ अरब सागर में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास में भाग ले रहा था। लेकिन फ्यूल समस्या के कारण इसे अचानक भारत में लैंड करवाना पड़ा। इसकी इमरजेंसी लैंडिंग के बाद दुनियाभर में इसकी चर्चा हुई।

## पत्नी के छोड़कर जाने से पति ने की आत्महत्या

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** जयपुर में पत्नी के छोड़कर जाने से नाराज पति ने घर के बाहर बने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बच्चे उस समय घर पर ही खेल रहे थे, जब उन्होंने अपने पिता को फंदे से लटका देखा तो जोर जोर से चिल्लाने लगे। बच्चों की आवाज सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को इसकी जानकारी दी ।युवक का 2 पेज का सुसाइड नोट भी पुलिस को मिला। जिसमें लिखा-मेरा सच्चा प्यार था, जो ही मेरा हमसफर था। लेकिन, जब वो ही मुझे छोड़कर चला गया। मेरा इसी जिंदगी जीने से फायदा ही क्या? सांगानेर सदर थाना पुलिस ने महात्मा गांधी हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतक की मां से मिली शिकायत पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जयपुर में रेस्टोरेंट मालिक का किडनैप

### 5 बदमाश गिरफ्तार एनआईए का आईडी कार्ड दिखाया, 3 करोड़ की रखी डिमांड

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर में रेस्टोरेंट मालिक व उसके दोस्त की किडनेपिंग का मामला सामने आया है। किडनेपर्स ने खुद को एनआईए का अफसर बताने के साथ ही आईडी कार्ड भी दिखाए। किडनेपर्स ने उन्हें छोड़ने की एवज में 3 करोड़ रुपए की डिमांड रखी। किडनेपर्स के चुंगल से भाग निकलने पर पीड़ित रेस्टोरेंट मालिक ने जवाहर सर्किल थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। पुलिस ने दबिश देकर 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया- सांगानेर के शिवा नगर निवासी प्रभुमल चौधरी उर्फ पीएन डूडी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिसमें बताया- 28 जून की शाम करीब 5 बजे वह मालवीय नगर गौरव टावर स्थित अपने रेस्टोरेंट हब फोर्टी पर बैठे थे। उनके मोबाइल पर दोस्त मुकेश रणवा ने वॉट्सऐप कॉल किया। कॉल कर मिलने के लिए पास ही स्थित एक शोरुम पर बुलाया। रेस्टोरेंट ऑनर प्रभुमल के



मिलने जाने पर मुकेश व उसके साथियों ने जबरन उसको कार में पटक लिया। मारपीट कर प्रभुमल से उसके दोस्त सुशील के बारे में पूछा। प्रभुमल से कॉल करवाने पर सुशील ने फाइव स्टार होटल में होना बताया। होटल पहुंचकर सुशील को भी जबरन कार में डालकर किडनैप कर लिया।

**एनआईए की दिखाई आईडी और फाइल**

रेस्टोरेंट मालिक प्रभुमल व उसके दोस्त सुशील का किडनैप कर अजमेर रोड की तरफ रवाना हो गए। रास्ते में मारपीट कर उनके मोबाइल व अन्य सामान छीन लिया। मुंह पर काला कपड़ा और हाथों को रस्सी से बांध दिए। करीब 3 घंटे तक अजमेर-भीलवाड़ा हाईवे पर लेकर घूमते रहे इस दौरान उन्होंने खुद को ह्न्ह्न का अफसर बताने के साथ ही खुद का आईडी कार्ड दिखाए। ह्न्ह्न की फाइले भी दिखाई गई। उनकी आईडी में उनके नाम जितेन्द्र सिंह, विधादत्त, अनिल, आमदेव और मनोज कुमार लिखा था। मारपीट कर दोनों से कुछ फार्म भरवाने के साथ ब्लैंक पेपर पर साइन करवाए गए।

### खेतों में भाग निकले

किडनेपर्स ने दोनों को छोड़ने के बदले 3 करोड़ रुपए की डिमांड रखी। प्रभुमल और सुशील ने 50 लाख रुपए की व्यवस्था कर देने की कहा। सौदा तय होने पर रुपए मंगवाने के लिए दोनों ने अपना-अपना मोबाइल मांगा। इस पर वह भीलवाड़ा के हाईवे पर स्थित एक होटल में उन्हें ले जाकर मोबाइल दे दिए। मोबाइल ऑन करते ही रिश्तेदार-दोस्तों के कॉल आना शुरू हो गए। परिजनों के पुलिस को सूचना देने के दौरान प्रभुमल और सुशील मौका मिलते ही खेतों में भाग गए।


किडनेपर्स के चुंगल से भागने पर कॉल कर केस दर्ज करवाने को लेकर धमकाया गया। परिचित से मदद लेकर जयपुर पहुंचे पीड़िता ने जवाहर सर्किल थाने में पांचों आरोपियों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दबिश देकर पांचों आरोपियों को अरेस्ट कर लिया। पुलिस सभी को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।

# बिहार से पहले जानकी मंदिर की आधारशिला रखेंगे मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** माना जा रहा है कि अयोध्या में होने वाले आयोजन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में माता सीता के भव्य मंदिर की आधारशिला रखेंगे। खास बात यह है कि यह वो वक्त होगा जब बिहार में विधानसभा चुनाव एकदम नजदीक होंगे।

बिहार विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा और एनडीए माता सीता और भगवान राम का आशीर्वाद लेने के लिए दो बड़े आयोजन करने जा रहे हैं। हम आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से जुड़े सभी प्रकार के कार्य अब अपने अंतिम चरण में हैं और इनके इस महीने के अंत तक पूरा हो जाने की संभावना है। माना जा रहा है कि सभी प्रकार के निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद दशहरे पर या उससे पहले अयोध्या में एक भव्य आयोजन होगा, जिसमें मुख्य मंदिर सहित अन्य मंदिर शिखरों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत शीर्ष नेताओं के शामिल होने की भी चर्चा है, हालांकि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।



हम आपको यह भी बता दें कि यह भी माना जा रहा है कि अयोध्या में होने वाले आयोजन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में माता सीता के भव्य मंदिर की आधारशिला रखेंगे। खास बात यह है कि यह वो वक्त होगा जब बिहार में विधानसभा चुनाव एकदम नजदीक होंगे।

ऐसा लगता है कि भाजपा और एनडीए का प्रयास बिहार विधानसभा चुनावों में ध्रुवीकरण कराने का है।

हम आपको बता दें कि हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया था कि जगत जननी मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम, सीतामढ़ी को समग्र रूप से विकसित किए जाने के लिए भव्य मंदिर सहित अन्य संरचनाओं के निर्माण की योजना को राज्य कैबिनेट से मंजूरी दे दी गई है।

नीतीश कुमार ने बताया था कि कैबिनेट में पुनौराधाम के समग्र विकास के लिए तैयार की गई वृहद योजना के लिए 882 करोड़ 87 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना का जल्द ही कार्यारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा था कि मैंने अगस्त महीने तक इसका शिलान्यास कराने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा था कि हम लोग पुनौराधाम, सीतामढ़ी में भव्य मंदिर निर्माण शीघ्र पूरा कराने हेतु कृतसंकल्पित हैं।

## मार्क जुगरबर्क को बीच मीटिंग में ट्रंप ने अपने ऑफिस से बाहर निकलवाया? क्या है ओवल ऑफिस की पूरी सच्चाई

बढ़ता राजस्थान

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** व्हाइट हाउस से एक विरोधाभासी विवरण सामने आया है। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, एक वरिष्ठ अधिकारी ने उन दावों को खारिज कर दिया कि जुकरबर्ग को बैठक से बाहर निकाल दिया गया था, उन्होंने रिपोर्ट को घटनाओं का गलत वर्णन करार दिया है। अधिकारी के अनुसार, जुकरबर्ग राष्ट्रपति के अनुरोध पर नमस्ते कहने के लिए आए और फिर POTUS के साथ अपनी बैठक शुरू होने का इतज़ार करने के लिए चले गए, जो पायलटों के साथ बैठक के बाद




होने वाली थी।

टेस्ला और एक्स के बॉस एलन मस्क के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की लड़ाई से तो पूरी दुनिया वाकिफ हो चुकी है। दोनों एक दूसरे पर खुलकर वार करने भी लगे हैं। लेकिन अब मार्क जुकरबर्ग को व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस से बाहर निकाले जाने की खबर ने खलबली मचा दी है। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग को व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस से बाहर जाने के लिए कहा गया, क्योंकि वे अप्रत्याशित रूप से पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और शीर्ष सैन्य अधिकारियों के बीच एक बैठक में शामिल हो गए थे।

# मूनीर के बाद अमेरिका ने अब पाकिस्तानी वायुसेना प्रमुख मार्शल जाहित महमूद की खातिरदारी की

बढ़ता राजस्थान

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** पाकिस्तान लंबे समय से अमेरिकी वायुसेना से प्रशिक्षण और तकनीकी मदद प्राप्त करता रहा है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तानी वायुसेना प्रमुख की अमेरिका यात्रा के दौरान उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रमों, संयुक्त युद्धाभ्यास और ड्रोन तकनीक जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष असीम मुनीर की अमेरिका यात्रा के ठीक बाद अब पाकिस्तान वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू भी अमेरिका होकर आये हैं। हालांकि उनको राष्ट्रपति ट्रंप ने भोजन नहीं कराया लेकिन पेंटागन के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान पाकिस्तानी वायुसेना प्रमुख कई आश्वासन हासिल करने में जरूर सफल रहे। हम आपको बता दें कि यह एक दशक से अधिक समय में किसी सेवारत पाकिस्तानी वायु सेना प्रमुख की पहली अमेरिका यात्रा थी, जो दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों में वृद्धि का संकेत है।

पाकिस्तानी वायुसेना प्रमुख का यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब दक्षिण एशिया की रणनीतिक स्थिति निरंतर परिवर्तनशील है और अमेरिका अपने वैश्विक सैन्य सहयोग को पुनर्परिभाषित कर रहा है। हम आपको बता दें कि पाकिस्तानी वायुसेना प्रमुख की यह यात्रा अमेरिका के साथ सैन्य सहयोग को गहरा करने, रक्षा तकनीक में सहयोग के रास्ते तलाशने और दोनों देशों के वायुसेना अधिकारियों के बीच समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। रिपोर्टों के मुताबिक एयर चीफ मार्शल ज़ाहिद महमूद ने पेंटागन में अमेरिकी वायुसेना अधिकारियों से मुलाकात की और विभिन्न रक्षा प्रतिष्ठानों का दौरा किया।

हम आपको बता दें कि पाकिस्तान लंबे समय से अमेरिकी वायुसेना से प्रशिक्षण और तकनीकी मदद प्राप्त करता रहा है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तानी वायुसेना प्रमुख की अमेरिका यात्रा के दौरान उन्नत प्रशिक्षण




कार्यक्रमों, संयुक्त युद्धाभ्यास और ड्रोन तकनीक जैसे विषयों पर चर्चा हुई। इसके अलावा, अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को दिए गए स्न-16 विमानों के रखरखाव और अपग्रेडिंग से संबंधित तकनीकी सहायता भी इस यात्रा का प्रमुख मुद्दा रही। यह विमानों की परिचालन क्षमता बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

दूसरी ओर, भारत इस यात्रा पर नजर बनाए रहा क्योंकि पाकिस्तान की सैन्य क्षमताओं में अमेरिकी सहायता का सीधा प्रभाव क्षेत्रीय संतुलन पर पड़ सकता है। हालांकि अमेरिका ने हमेशा यह कहा है कि वह पाकिस्तान को केवल आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए सैन्य सहायता देता है। देखा जाये तो अमेरिका भारत के साथ अपनी सामरिक साझेदारी को अधिक प्राथमिकता दे रहा है, परंतु पाकिस्तान के साथ सैन्य संवाद को पूरी तरह बंद नहीं करना चाहता। पाकिस्तानी वायुसेना प्रमुख की यात्रा संकेत देती है कि अमेरिका पाकिस्तान के साथ सामरिक संबंध बनाए रखना चाहता है, ताकि वह आतंकवाद नियंत्रण, क्षेत्रीय स्थिरता और चीन के प्रभाव को संतुलित करने में अपनी भूमिका बनाए रख सके।

उधर, इस दौरे के बारे में पाकिस्तानी वायु सेना ने एक बयान में कहा, ''पाकिस्तान वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू ने अमेरिका की आधिकारिक यात्रा की। इससे द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और परस्पर हितों को बढ़ावा मिलेगा।'' बयान में कहा गया है कि जहीर ने अमेरिका यात्रा के दौरान देश के शीर्ष सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व के साथ कई महत्वपूर्ण बैठकें कीं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार